


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



निक्की तंबोली ने फ्रंट कट गाउन...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

मंगलवार, 08 नवंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 318 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


# कांग्रेस ने हमेशा चुनाव को उलझाने और मतदाताओं को भटकाने का काम किया: नड्डा



शिमला। हिमाचल प्रदेश के चुनाव में अब गिनती के दिन शेष रह गए हैं। वहीं बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रदेश में बीजेपी की दोबारा वापसी के लिए मोर्चा संभाला हुआ है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एक जनसभा में कहा कि कांग्रेस के शासन में भारत की पहचान दुनिया में नहीं थी, लेकिन पीएम मोदी ने भारत को दुनिया के नक्शे पर ला दिया है और पिछले 8 वर्षों में इसे आगे बढ़ाया है। भारत अब लेने वाला नहीं रहा, अब दाता बन गया है। हमें हिमाचल में डबल इंजन वाली सरकार चाहिए। जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा चुनाव को उलझाने और मतदाताओं को भटकाने का काम किया। कांग्रेस के लोगों ने प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठकर देश पर राज किया, दुनिया में पहचान नहीं दिला पाए। प्रधानमंत्री मोदी जी ने पिछले 8 साल में ही भारत को दुनिया के नक्शे पर खड़ा कर दिया है। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने हिमाचल में शौचालय बना कर माताओं–बहनों को सम्मान दिया। उज्जवला योजनाश के माध्यम से महिलाओं की रसोई तक गैस सिलेंडर पहुंचाया। श्नल से जलश योजना के माध्यम से घर–घर में जल पहुंचाया। जेपी नड्डा ने कहा कि पहले हमारी माताएं–बहनें शौच के लिए खेतों में जाया करती थीं, आज हिमाचल के घर–घर में शौचालय बन गया है। मोदी जी के नेतृत्व में हिमाचल में 1 लाख 90 हजार शौचालय बनाकर महिलाओं को सम्मान देने का काम किया। महिलाओं को ताकत देकर उन्हें मुख्यधारा में शामिल किया। पहले हिमाचल की महिलाएं सुबह उठकर जंगल जाती थीं, लकड़ियां काटकर लाती थीं, तब चूल्हा जलाती थीं। आज श्उज्जवला योजनाश के तहत प्रधानमंत्री मोदी जी ने हर घर में गैस सिलेंडर पहुंचाया है। इस तरह श्डबल इंजन सरकारश ने हिमाचल में महिलाओं का सशक्तिकरण किया है। कभी हमने कहा था कि हिमाचल को बल्क ड्रग पार्क देंगे, आज ऊना में बल्क ड्रग पार्क बनने जा रहा है। जो फार्मा की दुनिया में हिमाचल प्रदेश को विश्व के नक्शे पर खड़ा कर देगा। मेडिकल डिवाइस पार्क, आईआईएम पहले सिर्फ हमलोग सुनते थे, आज हिमाचल में है। जेपी नड्डा ने कहा कि जब–जब डबल इंजन, सिंगल इंजन होता है हिमाचल की गाड़ी लड़खड़ा जाती है। अटल जी ने लद्दाख जाने वाली रोड पर मनाली में सुरंग के लिए शिलान्यास 2002 में किया था। 2004 में सरकार चली गई हिमाचल लड़खड़ा गया, जब 2014 में केंद्र में मोदी जी की सरकार आई, तब अटल टनल का काम शुरू हुआ। हमने कभी नहीं कहा था कि बिलासपुर को ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज देंगे, लेकिन हमने दिया। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज हमने जनता को समर्पित कर दिया। अब आपको इलाज के लिए चंडीगढ़ नहीं जाना पड़ेगा, बिलासपुर में ही इलाज हो जाएगा।

# उपचुनाव नतीजे पर मायावती का समाजवादी पार्टी (सपा) पर तंज

## हार के लिए अब कौन सा नया बहाना बनाएगी सपा



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश की गोला गोकर्णनाथ विधानसभा सीट के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हाथों पराजित हुई समाजवादी पार्टी (सपा) पर तंज करते हुए सोमवार को कहा कि अब सपा अपनी इस हार के लिए कौन सा नया बहाना बनाएगी। मायावती ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा, ''उत्तर प्रदेश के खीरी का गोला गोकर्णनाथ विधानसभा उपचुनाव भाजपा की जीत से ज्यादा सपा की 34,298 वोटों से करारी हार के लिए काफी चर्चाओं में है। बसपा जब अधिकांशतः उपचुनाव नहीं लड़ती है और यहां भी चुनाव मैदान में नहीं थी, तो अब सपा अपनी इस हार के लिए कौन सा नया बहाना बनाएगी?'' उन्होंने अगले ट्वीट में कहा, ''अब अगले महीने मैनपुरी लोकसभा व रामपुर विधानसभा के लिए उपचुनाव में आजमगढ़ की तरह ही, सपा के सामने अपनी इन पुरानी सीटों को बचाने की चुनौती है। देखना होगा कि क्या सपा ये सीटें भाजपा को हराकर पुनः जीत पाएगी या फिर वह भाजपा को हराने में सक्षम नहीं है, यह पुनः साबित होगा।'' गौरतलब है कि गोला गोकर्णनाथ विधानसभा सीट के उपचुनाव में रविवार को भाजपा उम्मीदवार अमन गिरि ने सपा प्रत्याशी विनय तिवारी को 34 हजार से ज्यादा मतों से पराजित कर दिया। बसपा ने इस उपचुनाव में अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था। यह सीट भाजपा विधायक अरविंद गिरि के निधन के कारण रिक्त हुई थी।

# प्रियंका गांधी ने उठाया युवाओं का मुद्दा

## बोलीं– वो नौकरी चाहते हैं मगर उनको ड्रग्स मिल रहा



शिमला। हिमाचल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए प्रचार की जिम्मेदारी फिलहाल प्रियंका गांधी ने अपने कंधों पर ले रखा है। प्रियंका गांधी आज ऊना के हरोली विधानसभा क्षेत्र में एक चुनाव प्रचार करने पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने फिर से युवाओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने युवाओं के रोजगार को लेकर भाजपा पर निशाना साधा और साफ तौर पर कहा कि युवा परेशान हैं। अपने बयान में प्रियंका गांधी ने कहा कि यहां के युवा परेशान हो गए हैं। वो नौकरी चाहते हैं मगर उनको ड्रग्स मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यहां नशा फैलाया जा रहा मगर रोजगार नहीं दिया जा रहा है। यहां युवाओं की 30 लाख आबादी है और 15 लाख बेरोजगार हैं। अपने संबेधन में कांग्रेस महासचिव ने कहा कि हिमाचल प्रदेश जिसे देवी–देवताओं व संतों की धरती कहते हैं। इस धरती ने आपको बहुत बड़ी परम्परा दी है– सच्चाई को परखने की परम्परा। जो गलत है, जो सच है, उसे परखिए.. आज वह मौका आ चुका है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा नेता चुनाव में आकर डबल इंजन की सरकार कह रहे हैं, क्या पिछले 5 साल में डबल इंजन की सरकार नहीं थी? उन्होंने कहा कि पिछले 5 सालों क्या हुआ, इंजन में तेल भरना भूल गए, क्योंकि सारा तेल बड़े–बड़े उद्योगपतियों को दे रहे हैं। इसे पहचानिए। प्रियंका ने सवाल किया कि हिमाचल प्रदेश का युवा बताए– इन 5 सालों में कितनों को रोजगार मिला? उन्होंने कहा कि सरकार का सबसे बड़ा कर्तव्य नौकरी देना होता है।लेकिन भाजपा सरकार के राज में 63000 पद खाली हैं, ये खाली पद भरे क्यों नहीं। उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी की दर सबसे कम है। क्योंकि हमने 5 लाख रोजगार दिए हैं, राजस्थान में भी 1.30 लाख रोजगार दिए हैं। हिमाचल प्रदेश में 63000 पद खाली हैं, यहां के नौजवान परेशान हो चुके हैं। कांग्रेस नेता ने साफ तौर पर कहा कि भाजपा के नेता झूठे वादे करते हैं और आप से कहते हैं कि दवाई बार–बार बदलने से बीमारी नहीं छूटती।

# प्रदूषण में कमी के बीच दिल्ली सरकार का बड़ा फैसला, 9 नवंबर से खुलेंगे स्कूल, WFH भी खत्म



नई दिल्ली। दिल्ली में प्रदूषण को देखते हुए 8 नवंबर तक प्राइमरी स्कूलों को बंद कर दिया गया था। हालांकि, सोमवार को प्रदूषण के स्तर में सुधार देखने को मिला। इसी के बाद दिल्ली सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए 9 नवंबर से प्राइमरी स्कूलों को खोलने का फैसला लिया है। प्रदूषण में मिली राहत के चलते दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय ने राजधानी में जीआरएपी 4 के प्रतिबंध को हटाने का फैसला किया है। इसका मतलब यह है कि अब सरकारी और प्राइवेट ऑफिस पहले की तरह पूरी क्षमता के साथ काम करने लगेंगे। वर्क फ्रॉम होम खत्म हो जाएगा। साथ ही साथ सीएनजी बस सेवा भी दिल्ली में चलती रहेंगी। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने यह भी कहा कि प्राइमरी स्कूल 9 नवंबर से खुलेंगे। हालांकि स्कूलों में अभी भी आउटडोर एक्टिविटीज पर प्रतिबंधा जारी रहेगा। पिछले दिनों दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आठवीं कक्षा तक के स्कूल को 8 नवंबर तक बंद रखने का निर्देश दिया था। दिल्ली में फिलहाल सभी तरह के प्रतिबंधों को नहीं हटाया गया है। अभी भी राष्ट्रीय राजधानी में निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध जारी रहेगा। गोपाल राय ने बताया कि 9 नवंबर से प्राथमिक विद्यालय खुलेंगे और खुली गतिविधियों पर लगी रोक हटाई जा रही है। दिल्ली पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने यह भी बताया कि दिल्ली में ट्रकों के प्रवेश पर लगी रोक हटाई गई है। वर्क फ्रॉम होम के दिशा–निर्देशों में संशोधन किया गया है और आज से पूरी क्षमता से कार्यालय कार्य करने लगेंगे। उन्होंने बताया कि हाईवे, सड़क, फ्लाईओवर, ओवरब्रिज, पाइपलाइन, बिजली पारेषण से संबंधित निर्माण कार्य पर लगी रोक हटाई गई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निजी तोड़फोड़ व निर्माण कार्य पर रोक जारी रहेगी।

# भारत जोड़ो यात्रा में 'केजीएफ–2' का गाना बजाकर फंसी कांग्रेस, कोर्ट ने दिया ट्विटर हैंडल को ब्लॉक करने का आदेश

बेंगलुरु। एक वाणिज्यिक अदालत ने ट्विटर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और उसके जन आंदोलन श्भारत जोड़ो यात्राश के ट्विटर हैंडल को अस्थायी रूप से ब्लॉक करने का निर्देश दिया। कोर्ट की तरफ से ये आदेश एमआरटी म्यूजिक (वादी) द्वारा किए गए कॉपीराइट उल्लंघन के मुकदमे के बाद आया। फैसला देते हुए कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया पेश सामग्री के बाद यदि साउंड रिकॉर्ड के कथित अवैध उपयोग को प्रोत्साहित किया गया, तो वादी को एक अपूरणीय क्षति होगी और इससे बड़े पैमाने पर कॉपीराइट उल्लंघन को बढ़ावा मिलेगा। इससे पहले 4 नवंबर को बेंगलुरू स्थित कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि उसके पास कन्नड़, हिंदी, तेलुगु और तमिल आदि में 20,000 से अधिक ट्रैक के संगीत अधिकार हैं। उसने क्लासिक पुराने संगीत को नवीनतम में से एक में हासिल करने के लिए भारी रकम का निवेश किया है। जिनमें साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक ष्केजीएफ चौप्टर 2ष शामिल है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने इस फिल्म से गाने उठाए हैं और एमआरटी म्यूजिक की अनुमति/लाइसेंस मांगे बिना किसी भी तरह से इन गानों का इस्तेमाल राहुल गांधी की अपनी नवीनतम भारत जोड़ो यात्रा अभियान के मार्केटिंग वीडियो बनाने के लिए किया है। जिसके बाद कंपनी की तरफ से राहुल गांधी, सुप्रिया श्रीनेत और जयराम रमेश के खिलाफ कॉपीराइट उल्लंघन का केस दर्ज कराया गया।

# आज के युवा ही राष्ट्र एवं समाज के भावी कर्णधार : अखिलेश



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि आज के छात्र ही राष्ट्र और समाज के भावी कर्णधार हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारण तथा कठिन परिश्रम करने से ही सफलता मिलती है। इसलिए छात्र अभी से मेहनत करें और स्कूल और देश का नाम रोशन करें। धौलपुर के राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के डायमंड जुबली समारोह के रियूनियन कार्यक्रम में सोमवार को मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में यादव ने स्कूल के कैडेट को भारतीय सेना में शामिल होकर देश का नाम रोशन करने का आह्वान भी किया। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के पूर्व छात्र रहे अखिलेश यादव ने स्कूल के प्रथम प्राचार्य कर्नल केएल घई की प्रतिमा का अनावरण किया।

# गिरिराज सिंह बोले– जहां–जहां होगी भाजपा की सरकार, वहां UCC को किया जाएगा लागू, आज यह देश की जरूरत



नई दिल्ली। देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर राजनीतिक घमासान जारी है। गुजरात में चुनाव से ठीक पहले भाजपा सरकार ने इसे लागू करने के लिए एक कमेटी के गठन का ऐलान किया। विपक्ष इसे भाजपा का चुनावी स्टैंड बताने की कोशिश कर रहा है। इन सब के बीच केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने साफ तौर पर कहा है कि जहां भी देश में भाजपा की सरकार होगी, वहां यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू किया जाएगा। भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने अपने बयान में कहा कि आज ये(समान नागरिक संहिता) देश की जरूरत है। हिमाचल और गुजरात की सरकार ने भी कहा है कि हमारी सरकार आते ही हम इसे लागू करेंगे। जहां–जहां भाजपा की सरकार होगी वहां इसे लागू किया जाएगा। इतना ही नहीं, केंद्रीय मंत्री ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10: आरक्षण के प्रावधान पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भी स्वागत किया। अपने बयान में उन्होंने कहा कि संविधान को मानने वाले सभी लोग कोर्ट के इस फैसले को मानने के लिए तैयार हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हम सम्मान करते हैं। आपको बता दें कि आज ही सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले में दाखिलों और सरकारी नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करने वाले 103वें संविधान संशोधन की वैधता को दो के मुकाबले तीन मतों के बहुमत से बरकरार रखा। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण संविधान के बुनियादी ढांचे का उल्लंघन नहीं करता। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सत्ता में वापसी होने पर हिमाचल प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी और सरकारी कर्मचारियों की वेतन प्रणाली में सभी अनियमितताओं पर गौर किया जाएगा। उन्होंने साफ तौर पर कहा था कि यह चुनाव विधायकों या मुख्यमंत्री को चुनने के लिए नहीं है, बल्कि ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को एक मजबूत और महान देश'' बनाने के लिए है। उन्होंने कहा, ''यदि आप जय राम ठाकुर सरकार चुनते हैं, तो मैं आपसे वादा करता हूं कि हिमाचल प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी। इसे कोई नहीं रोक सकता।''






# गुजरात हाईकोर्ट ने लिया मोरबी पुल हादसे का स्वतः संज्ञान, अधिकारियों से 8 दिन के भीतर मांगी रिपोर्ट



अहमदाबाद। गुजरात हाईकोर्ट ने मोरबी पुल हादसे का स्वतः संज्ञान लिया है। कोर्ट ने इस मामले में गुजरात सरकार के अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने और गृह विभाग सहित अधिकारियों को नोटिस जारी कर सात दिनों के बाद घटना की रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा है। नोटिस जारी करते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि मोरबी दुर्घटना का स्वतरू संज्ञान लिया है, हम राज्य सरकार से सख्त कार्रवाई की उम्मीद करते हैं। उच्च न्यायालय ने कार्यवाही शुरू होने से पहले हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। मुख्य न्यायाधीश, महाधिवक्ता, सॉलिसिटर जनरल, सरकारी वकील और सभी सरकारी वकीलों सहित उच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीशों ने अपना सम्मान व्यक्त किया। उच्च न्यायालय ने 14 नवंबर को घटना पर रिपोर्ट दाखिल करने के लिए गृह विभाग, शहरी आवास, नगर आयुक्त और मानवाधिकार सहित अधिकारियों को अधिसूचना जारी की। गुजरात उच्च न्यायालय ने एक बयान में कहा, ष्हम राज्य सरकार से सख्त कार्रवाई की उम्मीद करते हैं। गौरतलब है कि मोरबी कांड में 134 लोगों की मौत के संबंध में प्रकाशित खबरों पर संज्ञान लेने के लिए रजिस्ट्री को नोटिस भी जारी किया गया है। इससे पहले 1 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के साथ गुजरात के मोरबी में पुल ढहने वाली जगह का दौरा किया था। प्रधानमंत्री ने माच्छू नदी पुल ढहने वाली जगह पर बचाव और राहत कार्यों में लगे लोगों से मुलाकात की। पीएम मोदी और गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल घायलों से मिलने मोरबी के सिविल अस्पताल पहुंचे थे।

# भारत को विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए भाजपा संकल्पित :डॉ. ममता पाण्डेय

## भाजपा महिला मोर्चा जिले व महानगर का प्रशिक्षण वर्ग चार सत्र में हुआ सम्पन्न

अयोध्या । भाजपा महिला मोर्चा जिले व महानगर का प्रशिक्षण वर्ग 4 सत्र में सम्पन्न हुआ। उद्घाटन सत्र में डा श्याम प्रसाद मुखार्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन करके मोर्चा की प्रदेश मंत्री डा ममता पाण्डेय ने कार्यक्रम की शुरुवात की। इसके बाद वंदेमातरम का पाठ सभी ने किया। डा ममता पाण्डेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया। अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नए आयाम दिए। द्वितीय सत्र में भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष कल्पना तिवारी ने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं के योगदान पर कहा कि आदि काल से लेकर आजादी के लिए संघर्ष की अगर हम चर्चा करें तो इसमें महिलाओं को योगदान को कम नहीं आंका जा सकता है। तीसरे सत्र में महिला कार्यकर्ताओं के समक्ष राजनैतिक व व्यक्तिगत चुनौतियां विषय पर प्रदेश समिति की सदस्य बंसती सिंह ने कहा कि आज नारियों के समक्ष सामाजिक आर्थिक राजनीति सभी क्षेत्रों में चुनौतियां हैं, इन सब चुनौतियों के होते हुए भी हमें आगे बढ़ना है। इसके लिए इच्छाशक्ति और संघर्ष की जज्बा होनी चाहिए। चौथे सत्र में क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य नेहा रस्तोगी ने नये भारत का निर्माण विषय पर कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के सिद्धान्तों को आत्मसात करते हुए सरकार योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को दे रही है। सरकार की योजनाएं गरीबों, मजदूरों व किसानों के प्रति संकल्पित है। इस अवसर पर महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष आशा गौड़, मोर्चा की जिलाध्यक्ष सरोज मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, डा विजय लक्ष्मी जायसवाल, प्रतिमा शुक्ला, प्रसूनलता सिंह, कुसुम मिश्रा, नीलम गुप्ता, माया सिंह, नीलम जायसवाल, प्रियंका मिश्रा, सीमा श्रीवास्तव उपस्थित रही।

# जिले की 6 तहसीलों में कुल प्राप्त 423 में मात्र 40 का हुआ निस्तारण

बहराइच। जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह प्रथम एवं तृतीय आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिला अधिकारी डा. दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, उप जिला अधिकारी अजित परेश, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डे व अन्य अधिकारियों द्वारा आए हुए फरियादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। आने वाले फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरता पूर्वक सुनवायी कर उसका सयमबद्धता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराये ताकि फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग–दौड़ न करनी पड़े। समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही पर इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाय कि निस्तारण की कार्यवाही से फरियादी भी संतुष्ट दिखे। जनसमस्याओं के निस्तारण के साथ–साथ पात्र एवं जरूरतमंद लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ भी दिलाने का प्रयास भी करें।

नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 84 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 11 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धत्ता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एस. के सिंह, जिला विकास अधिकारी महेंद्र पांडे, पीडीडीआरडीए पी. एन. यादव, तहसीलदार पियूष श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। इसी प्रकार तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 57 में 03, महसी में प्राप्त 22 में 04, पयागपुर में प्राप्त 151 में 13, कैसरगंज में प्राप्त 66 में 07 व मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 43 में 02, प्रार्थना–पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।

# यह है बलरामपुर मुख्यालय से सटे ग्राम सिरसिया बहादुरपुर शौचालय का सच

## जनपद के अधिकांश सामुदायिक शौचालय सफेद हाथी के दांत हो रहे हैं साबित






दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायत सिरसिया अंतर्गत बहादुरपुर मे ग्राम पंचायत स्तर पर जो सुविधाएं जनता को मिलनी चाहिए उससे आम जनता महरुम है पंचायत राज विभाग द्वारा लगभग अधिकांश ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय का निर्माण तो कर दिया गया परंतु उक्त शौचालय मे मूलभूत सुविधाएं न के बराबर हैं शौचालय सफेद हाथी के दांत बनकर रह गया है बहादुरपुर में बने शौचालय के अंदर लाइट के नाम पर कोरम पूरा किया गया है बोर्ड लगा है परंतु उसमें स्विच नहीं है नाही वायरिंग है परंतु फन्टियां दूर से दिखाई दे रही है शौचालय में लगी वाशबेसिग् सीधा खड़ा है ना उसमें पानी है ना पाइप है तथा पूरा शौचालय गंदगी से पटा है यह हाल बलरामपुर मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायत सिरसिया के बहादुरपुर शौचालय का है जिसके लगभग 500 मीटर की दूरी पर जिले के सबसे उच्च अधिकारियों का आवास् आदि है इसके बावजूद सामुदायिक शौचालय की ये स्थिति है इससे आप सुदूर क्षेत्रों में बने सामुदायिक शौचालयों के स्तर को समझ सकते हैं जब जिले के अधिकारियों के नाक के नीचे बने शौचालय की यह स्थिति है तो गैसड़ी पचपेड़्वा शिवपुरा सहित सुदूर क्षेत्रों में बने शौचालयों का अंदाजा स्वत्तरू लगा सकते हैं अच्छा होता जिले के अधिकारी उक्त शौचालयों के रखरखाव वह उसकी मूलभूत आवश्यकताओं पर ध्यान देते जिससे करोड़ों रुपए की लागत से बने शौचालयो का सही उपयोग जनता को करने को मिलता अन्यथा सरकारी योजनाएं हैं चलती है और चलती रहेंगी और जनता तमाशा ही बन सरकारी पैसों के दुरुपयोग को देखती रहेगी।

# यलो जोन में चोरों ने पार कर दी दरोगा की बाइक

अयोध्या । यलो जोन में एक उपनिरीक्षक की बाइक वाहन चोरों ने हनुमानगढ़ी मुख्य गेट के पास से पार कर दी। उपनिरीक्षक पड़ोसी जनपद गोंडा से मेला ड्यूटी में आया था।पीड़ित ने शिकायत राम जन्म भूमि थाने में दर्ज कराई है। बताया गया कि पड़ोसी जनपद गोंडा के खरगूपुर थाना क्षेत्र स्थित गांव नारायणपुर माफी निवासी उपनिरीक्षक बृजेश तिवारी पुत्र अशोक कुमार तिवारी की ड्यूटी अयोध्या मेला में लगी थी। दोपहर वाह हनुमानगढ़ी मुख्य गेट पर ड्यूटी कर रहा था। उसने अपनी बाइक काली अपाचे यूपी 31 बीसी 8104 को मुख्य गेट के पास स्थित दुकान के बगल खड़ी की थी। पुलिस को दी गई शिकायत में पुलिसकर्मी का कहना है कि किसी ने मौके से उसकी बाइक को पार कर दिया। राम जन्मभूमि थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी का कहना है कि शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ बाइक चोरी का केस पंजीकृत किया गया है। घटनास्थल के आसपास ही नहीं, येलो जोन इलाके के संबंधित सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से निजी फाइनेंस कर्मी की मौत

अयोध्या । राष्ट्रीय राजमार्ग पर नगर कोतवाली के नाका क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक निजी फाइनेंस कंपनी में कार्य युवक की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन के मेमो पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया कि वर्तमान में एक निजी वाहन फाइनेंस कंपनी में कार्यरत 35 वर्षीय आशुतोष मिश्रा पुत्र शत्रुघ्न प्रसाद निवासी सराय खरगी कोतवाली बीकापुर जिला अयोध्या एक निजी कंपनी में भर्ती के लिए साक्षात्कार देने लखनऊ गया था। देर रात लगभग 9:15 हुआ सवारी वाहन से जनपद पहुंचा और वाहन से उतर कर अपने घर जाने के लिए वाहन की तलाश में जा रहा था। इसी दौरान उधर से गुजर रहे वाहन ने उसको टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से गंभीर घायल आशुतोष को जिला अस्पताल भिजवाया। रात 9.25 बजे जिला अस्पताल पहुंचने पर परीक्षण का इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने उसको मृतक घोषित कर दिया। जेब से मिले आधार कार्ड पर उसका पता बजरंग चौक डॉ राजेंद्र नगर पोस्ट रविसान वार्ड नंबर 42 जिला रायपुर छत्तीसगढ़ दर्ज मिला। हालांकि बाद में जानकारी हुई थी वह बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के सराय खरगी का रहने वाला था। कोतवाली पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। शिकायत के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सितम्बर प्रथम चक्र का राशन इस माह मे बटेगा

अयोध्या । राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सितंबर माह के प्रथम चक्र मे बटने वाला राशन नवम्बर माह मे 7 तारीख से 15 तारीख तक बटेगा । राशन वितरण व्यवस्था लगभग चार चक्र पीछे चल रहा है । बताते चलें कि जब से डोर स्टेप डिलीवरी की व्यवस्था खाद एवं रसद विभाग ने की है तब से वितरण व्यवस्था पीछे हो गई है । ठेकेदारी व्यवस्था के जरिए खाद्यान्न एफसीआई गोदाम से कोटेदारों तक पहुंचा जाता है । अयोध्या जनपद को छोड़ दे तो अन्य जनपद में उठान मे देरी होने के कारण वितरण मे देरी होती है । जिससे अन्य जनपदों में इसका असर पड़ता है स सूत्रों की माने तो विभाग एक माह मे तीन बार वितरण करा कर अपनी व्यवस्था को दुरुस्त करना चाहता है स लेकिन उठान बाधित होने से वितरण मे देरी हो जाता है । डोर स्टेप डिलीवरी के नियमानुसार जो कोटे की दुकान है रोड पर है वहां पर तो ट्रक पहुंच जाता है लेकिन जो दुकाने गलियों या सकरे रास्ते पर हैं वहां ट्रैक्टर ट्राली द्वारा कोटेदार व ठेकेदार के सामंजस्य से राशन पहुंचाया जाता है । यही कारण है कि जिससे उठान बाधित होता है । डोर स्टेप डिलीवरी की व्यवस्था को सही करने में अभी काफी परेशानी आ रही है जैसे कि कोटेदारों से पल्लेदारी ली जाती है इत्यादि । वहीं दूसरी तरफ कोटेदारों को मिलने वाला कमीशन (लाभांश) अप्रैल माह के प्रथम चक्र तक ही मिला है । जबकि राशन वितरण सितंबर तक हो चुका है स लाभांश मिलने में देरी होने से कोटेदारो मे काफी रोष है।

# इंदिरा स्टेडियम में चार दिवसीय फुटबॉल टुर्नामेंट का हुआ समापन

बहराइच स स्थानीय इंदिरा स्टेडियम में चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ था स जिसका आज समापन हुआ स इस टुर्नामेंट में शहर के इंदिरा स्टेडियम में कई रोमांचक फुटबाल मुकाबला हुआ स इस टुर्नामेंट में गोंडा और बहराइच की टीम ने फाइनल खेला और घोन्डा की टीम ने जीत हासिल की स ज्ञात हो कि इस टूर्नामेंट का उद्घाटन गत 31 अक्टूबर को मो इलियास की याद में उनके पुत्र मो इदरीस ने फीता काट कर किया थास कमेटी के पदाधिकारी अखिल उर्फ डिप्टी गोलकीपर ने बताया की इसमें कुल 8 टीमों ने प्रतिभाग लिया हैस जिसमें आज फाइनल मैच दो टीमों के बीच हुआ है स दोनो टीमों में जबरदस्त मुकाबला हुआ बराबर गोल मारकर इस मैच को एक नया मोड़ देने के बाद प्लांटी में बहराइच को हार का सामना करना पड़ा और गोंडा ने विजय हासिल कीस इस कार्यक्रम का संचालन मम्मू शाह ने कियास रेफरी अय्यूब शाह के नेतृत्व में निष्पक्ष खेल हुआ और एक्स्ट्रा रेफरी की कमान रियाज शाह और राजू भाई ने संभाली थीस विजयी टीम ट्रॉफी के साथ मुस्कुराते हुए अपने जिले के लिए रवाना हुईस वही बहराइच की टीम को भी ट्रॉफी मिलीस अच्छा खेलने के लिए अगर बात करें तो चाइना नाम के खिलाड़ी का प्रदर्शन सराहनीय रहा उसे भी पुरस्कृत किया गया स वही अखिल गोलकीपर ने जानकारी देते हुए बताया की दोनो टीमों को स्वर्गीय मो इलियास के सुपुत्र मो इदरीस की तरफ से टी शर्ट भी वितरित की गईस वही हौसला बढ़ाने के लिए सभी पूर्व और वरिष्ठ खिलाड़ियों का सम्मान भी किया गयास बतौर मुख्य अतिथि पूर्व खिलाड़ी मुख्तार शाह उर्फ बाबा का शाल उढ़ाकर मो इदरीस ने सम्मान कियास वही इस अवसर पर सलीम सिद्दीकी व नईम खान उपस्थित रहे।

# सभी नगर पंचायतों में मजबूत प्रत्याशी उतारेगी कांग्रेस : अखिलेश

## नगर पंचायत के लिए बनाए गए कांग्रेस प्रभारियों की हुई बैठक

अयोध्या । प्रस्तावित नगर निगम और नगर पंचायतों के चुनाव की तैयारी के लिए कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर कांग्रेस द्वारा नगर पंचायत के लिए बनाए गए प्रभारियों की बैठक संपन्न हुई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश यादव के अध्यक्षता में हुई । बैठक का संचालन नगर पंचायत चुनाव के जिला प्रभारी अनिल सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा नगर पंचायत चुनाव कांग्रेस पूरी इमानदारी और ताकत के साथ लड़ेगी ।इसके लिए पूरे जिले में प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं जो अपने प्रभाव क्षेत्र में जाकर यह प्रयास कर रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी से हर नगर पंचायत में मजबूत प्रत्याशी चुनाव में उतरे। जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा वर्तमान समय में आम आदमी भारतीय जनता पार्टी के कुशासन से पूरी तरह त्रस्त हैं और कांग्रेसी पूरे देश में मुख्य विपक्षी दल की भूमिका निभा रही है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा महंगाई ने आम जनता का जीना हराम कर के रख दिया है महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे को जनता के बीच ले जाकर जनता का विश्वास जीत सकते हैं। जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया कि जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नगर पंचायत चुनाव की तैयारी के लिए पूरे जिले में बैठकों का कार्यक्रम घोषित किया है। इन बैठकों के माध्यम से मजबूत प्रत्याशियों के आवेदन लिए जाएंगे। जिसके तहत 9 नवंबर को कामाख्या भवानी तथा रुदौली में प्रभारी शैलेंद्र पांडे तथा विजय पांडे के संयोजन में बैठक आयोजित की जाएगी। 10 नवंबर को कुमारगंज तथा सुचिता गंज में प्रभारी दिनेश शुक्ला व रुद्र प्रताप सिंह विशु के संयोजन में, 12 नवंबर को बीकापुर तथा भदरसा में प्रभारी रामकरण कोरी व राजकुमार मौर्य तथा राजकुमार सिंह के संयोजन में ,15 नवंबर को गोसाईगंज में प्रभारी अनिल तिवारी के संयोजन में बैठकें आयोजित की जाएगी। 16 नवंबर को महानगर अध्यक्ष वेद कुमार सिंह कमल के संयोजन में कांग्रेस कार्यालय पर नगर निगम चुनाव की तैयारी की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास बर्मा, अनिल तिवारी ,अभिषेक मिश्रा, महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल, संजय तिवारी, शैलेंद्र पांडे, दिनेश शुक्ला, रामकरण कोरी ,राजकुमार सिंह, उमेश उपाध्याय, संजय तिवारी,अब्दुल हकीम ,महेश वर्मा ,प्रवीण श्रीवास्तव, सुरेंद्र सिंह ,तबरेज, चांद ,अबू बकर , शिव कुमार निषाद आदि उपस्थित रहे

# प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा ने मेडिकल कालेज का किया निरीक्षण

## शासन की मंशानुसार चिकित्सा सुविधा मुहैया कराये जाने के दिये निर्देश

बहराइच। प्रदेश के प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा, आलोक कुमार एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मेडिकल कालेज भवन, महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय के डेंगू वार्ड व अन्य वार्डो 100 बेडेड एमसीएच विंग के एसएनसीयू व पीएनसी वार्ड, जिला चिकित्सालय में निर्माणाधीन 60 बेडेड आर्थो व ओटी वार्ड एवं एसआरध्जेआर आवासीय भवन के साथ–साथ जनपद में निर्मित होने वाले नर्सिंग कालेज की भूमि के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र, पुराना मलेरिया हॉस्पिटल एवं गुल्लावीर का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय के डेंगू वार्ड व अन्य वार्डो 100 बेडेड एमसीएच विंग के एसएनसीयू व पीएनसी वार्डो के निरीक्षण के दौरान साफ–सफाई व अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पाये जाने पर चिकित्सालय प्रशासन द्वारा की गयी व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। जिला चिकित्सालय में निर्माणाधीन 60 बेडेड आर्थो व ओटी वार्ड एवं एसआरध्जेआर आवासीय भवन का निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये कि निर्माण कार्य निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कर उपयोग में लाया जाय। प्रमुख्य सचिव श्री कुमार जनपद में निर्मित होने वाले नर्सिंग कालेज की भूमि के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र, पुराना मलेरिया अस्पताल, चॉदपुरा एवं कुष्ठ आश्रम, गुल्लावीर के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया कि शीघ्र ही उपयुक्त भूमि का चयन कर कालेज स्थापना के लिए शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जाय ताकि जनपद में यथाशीघ्र नर्सिंग कालेज स्थापना की कार्यवाही सुनिश्चित करायी जा सके। इसके अलावा महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा कक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर मेडिकल कालेज के सुचारू संचालन के लिए उपलब्ध संसाधन, मेनपावर की उपलब्धता, मशीनों की क्रियाशीलता, दवाओं की उपलब्धता, वर्तमान में मेडिकल कालेज द्वारा प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं इत्यादि के सम्बंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को शासन द्वारा अनुमन्य चिकित्सा सुविधा मुहैया कराया जाय। बैठक के दौरान प्रमुख सचिव श्री कुमार को बताया गया कि बहराइच मेडिकल कालेज में नेपाल, जनपद श्रावस्ती, बलरामपुर, गोण्डा से भी मरीज इलाज के लिए आते है। श्री कुमार ने आश्वस्त किया कि मेडिकल कालेज को नार्मस के अनुसार संचालन के लिए शासन स्तर से मानक के अनुसार संसाधन इत्यादि उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही मेडिकल कालेज को सीटीएमआरआई मशीन उपलब्ध करा दी जाएगी। इस अवसर पर जिला अधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र, मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना, अपर जिला अधिकारी मनोज, नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय, उप जिला अधिकारी सदर सुभाष सिंह धामी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एस. के. सिंह, प्राचार्य मेडिकल कालेज डा.अनिल के साहनी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. ओ. पी. चौधरी, पुसिस क्षेत्राधिकारी नगर डा जंग बहादुर यादव, तहसीलदार सदर राज कुमार बैठा, हॉस्पिटल प्रबंधक रिजवान अली ,पूर्व सीएमएस डा ओ. पी. पांडे सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# दो सप्ताह बाद पुलिस ने दर्ज किया अपहरण का मुकदमा

मिल्कीपुर– अयोध्या । इनायत नगर थाना क्षेत्र के एक गांव से घर से एक किशोरी लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। अपहृत किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की है। आखिरकार पुलिस ने दो सप्ताह बाद पिता की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ अपहरण सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करके अपहृत किशोरी व आरोपियों की तलाश में जुट गई है। इनायत नगर थाना क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय किशोरी घर से अचानक गायब हो जाने के मामले में अपहृत किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीते 19 अक्टूबर को वह भैंस को चराने के लिए घर से बाहर गया था। घर पर उसकी बेटी तथा सरहज मौजूद थी। तभी उसकी बेटी के पास किसी का फोन आया और वह घर से अचानक गायब हो गई। पीड़ित पिता जब भैंस लेकर वापस घर लौटा तो देखा की घर पर उसकी बेटी मौजूद नहीं है। जिसके बाद पीड़ित पिता उसकी खोजबीन में जुट गया। बेटी की खोजबीन के दौरान पता चला की दिनेश कुमार कोरी निवासी अलीपुर खजूरी उसकी बेटी को बहला–फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। बेटी घर से जाते समय अपने साथ मोबाइल फोन व पढ़ाई की मार्कशीट सहित घर में रखा चार हजार रुपए नगदी भी ले गई है। पीड़ित पिता बेटी की काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं भी उसका अता पता नहीं चला। पिता थक हार कर पुलिस को तहरीर देते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई है। प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया पिता की तहरीर पर दिनेश कुमार कोरी तथा राम अवतार निवासी अलीपुर खजूरी के खिलाफ नाबालिक बेटी को अपहरण करने सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करके अपहृत किशोरी व आरोपी की तलाश की जा रही है।

# बिरले ही जन्म लेते है सरदार पटेल जैसे महामानव : रामचंद्र यादव

रुदौली–अयोध्या । तमाम रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर वर्तमान भारत का नक्शा बनाने वाले पूर्व गृह मंत्री भारतरत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल को लौहपुरुष की संज्ञा उनके द्वारा किये गये कार्यों के द्वारा दी गयी, सरदार जैसा जन नायक संसार में दुर्लभ ही पैदा होता है यह बातें छत्रपति शिवाजी महराज सभागार पटेल भवन अयोध्या में सरदार बल्लभभाई पटेल जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए रुदौली विधायक राम चंद्र यादव ने कहीं आज के कार्यक्रम में अयोध्या और अम्बेडकर नगर जनपद से सभी विधायक और पूर्व विधायकों ने भाग लिया।

# टीकाकरण से प्रतिरोधी परिवारों को किया जा सकता है लामबंद:मनोज कुमार श्रीवास्तव





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर के सभागार में सीएमओ डॉ बी के अग्रवाल की अध्यक्षता में यूनिसेफ की सहयोग से ब्लॉक रिस्पांस टीम के लिए नियमित टीकाकरण एवम ग्रामीण स्वास्थ्य एवम पोषण दिवस के लिए एक दिवसीय का अभिमुखीकरण का आयोजन किया गया। जिसमे सीएमओ सर द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्र पर उपयोग होने वाली सामग्री के विषय में जानकारी दी, बस्ती रीजनल को ऑर्डिनेटर यूनिसेफ मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा बताया गया टीकाकरण मे ब्लॉक रिस्पांस टीम कि क्या भूमिका है और किस प्रकार टीकाकरण के प्रतिरोधी परिवारों को लामबंद किया जा सकता है, बताया गया, डब्ल्यूएचओ के सर्विलेंस मेडिकल ऑफिसर डॉ मनु खन्ना द्वारा वीएचएसएनडी सत्रों के पर्यवेक्षण एवं देय सूची की उपलब्धता, एवं वैक्सीनेशन की प्रक्रिया को समझाया गया। डीएमसी अमित शर्मा द्वारा टीकाकरण के प्रति उदासीन परिवारों के किस प्रकार के सवाल टीकाकरण को लेकर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से किए जाते हैं और किस प्रकार उनके सवालों के जवाब देकर परिवारों को टीकाकरण के लिए लामबंद किया जा सकता है, एवम किस प्रकार सामुदायिक मीटिंग के माध्यम से परिवारों को टीकाकरण के प्रति के परिवारो को लामबंद किया जा सकता है समझाया गया व बीआरटी एवम फ्रंट लाइन वर्कर के कार्य को समझते हुवे रिपोर्टिंग प्रपत्र पर चर्चा की गई, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा सहयोगतम प्रवेक्षण को समझते हुवे मीटिंग का समापन किया गया इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डीके चौधरी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर उजेहे 'अतहर ऐसीएमओ आर सी एच, जिला मलेरिया अधिकारी सुनील चौधरी, डीएमसी अमित शर्मा, सतीश पटेल, महामारी रोग विशेषज्ञ समीर सिंह, डब्ल्यू एच ओ एस एम ओ डॉक्टर मनु खन्ना एवम सभी 14 ब्लॉक से आए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं बीआरटी टीम के सदस्य हैं उपस्थित रहे।

# ककरही घाट पर एक दिवसीय विशाल मेले का आयोजन आज

### बूढ़ी राप्ती नदी के ककरही तट व योगमाया मंदिर पर मेला आज

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। आज मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर बूढ़ी राप्ती नदी के ककरही घाट पर एक दिवसीय विशाल मेल का आयोजन होगा। इसमें दूर–दूर से मिठाइयों की दुकानें, बच्चों के लिए कई प्रकार के झूले, सर्कस, मनोरंजन आदि की व्यवस्था की जाती है। मेले में लोगों की सुरक्षा को अस्थाई पुलिस चौकी बनाई जाएगी। ककरही घाट के मेले का इतिहास दो सदी पुराना है। नदी के दोनों किनारों पर दुकानें सजाई जाती है। नदी में इस पर से उस पर जाने के लिए दो पुल हैं। इसके अलावा नाव पर बैठ कर भी नदी पार कर दोनों तरफ मेले का आनन्द लिया जाता है। मेले में पंद्रह हजार से ऊपर की भीड़ जुटती है। भोर से ही ककरही घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ शुरू हो जाती है। सपरिवार श्रद्धा से गंगा में डुबकी लगाते हैं। पूजा–अर्चना कर गोदान करते हैं।





# चौपाल में सांसद पाल ने बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद का दिलाया भरोसा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल ने बांसी विधान सभा क्षेत्र के बाढ़ से प्रभावित मुड़िला में चौपाल लगाकर ग्रामीण एवं पीड़ित व्यक्तियों से मुलाकात की एवं उनका कुशलक्षेम जाना। सांसद पाल पीड़ितों हर संभव आर्थिक सहायता सरकार से दिलाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को लाभ पहुंचाने में जिस स्तर से कमी मिलेगी संबंधित जिम्मेदार को कतई नहीं बख्शा जाएगा। पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश में व्यापक पैमाने पर आर्थिक बदलाव आया है। जिसका सीधा लाभ गरीबों को किसान संमाननिधि, फ्री राशन एवं निःशुल्क रसोई गैस जैसे कल्याण कारी योजनाओं के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं में साड़ी का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र पांडेय, पूर्व जिला अध्यक्ष परमात्मा पांडेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकिंकर मिश्रा, कैलाश बाजपेई, कुलदीप द्विवेदी अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।






# कपिलवस्तु महोत्सव में स्थानीय कलाकारों से आवेदन आमंत्रित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विगत वर्षों की भांति कपिलवस्तु महोत्सव का आयोजन दिनांक 29 दिसम्बर, 2022 से 02 जनवरी, 2023 के बीच प्रस्तावित है, जिसमें अन्य विविध कार्यक्रमों के साथ–साथ स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति भी होनी है, जिसके अन्तर्गत गायन, वादन, नाट्य का मंचन एवं मुशायरे इत्यादि की विधाएं शामिल हैं।

उक्त महोत्सव में एक सीमित कार्यक्रम में सीमित स्थानीय कलाकारों के द्वारा प्रस्तुति किया जाना है, जिसके लिए जनपद सिद्धार्थनगर के ऐसे समस्त इच्छुक स्थानीय कलाकारों से आवेदन आमंत्रित है (जिसमें नाम, पिता का नाम, स्थाई पता, मोबाइल नं० यथासम्भव व्हाट्सएप नं० एवं पासपोर्ट साइज फोटो एवं सम्बन्धित विधा में अनुभवध्उपलब्धियों की संक्षिप्त टिप्पणी) जिनकी उम्र 18 वर्ष से ऊपर हो, जनपद के निवासी हों।

उक्त विधाओं का प्रस्तुति का विषय वस्तु निरपेक्ष रूप से गैर राजनैतिक एवं विशुद्ध रूप से पूर्ण सांस्कृतिक होना है, जो मनोरंजन के साथ–साथ सामाजिक सौहार्द से प्रेरित हो । उक्त के क्रम में जनपद के समस्त इच्छुक प्रतिभागियों से अनुरोध है कि वे अपना आवेदन ए–4 साइज पेपर पर कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, विकास भवन, सिद्धार्थनगर के भूतल पर स्थित कक्ष संख्या–8 अथवा कार्यालय के ई–मेल आई०डी० कउ्वेद–नचध्दपब.पद पर दिनांक 14 नवम्बर, 2022 को सायं 05.00 बजे तक उपलब्ध करा दें। उक्त समय सीमा के पश्चात कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं होगा। प्राप्त आवेदकों की संख्या को देखते हुये उनके चयन हेतु ऑडिशन हेतु तिथि, समय व स्थल की सूचना सम्बन्धित के मोबाइल नं० पर उपलब्ध करा दी जाएगी। उक्त आशय की जानकारी जिला विकास अधिकारी सिद्धार्थनगर शेषमणि सिंह द्वारा एक विज्ञप्ति के माध्यम से दिया गया है।

# प्रथम स्थान पाकर बच्चों ने बढ़ाया विद्यालय का मान

### प्राथमिक विद्यालय मंगराव के बच्चे सभी पांचों सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रहे अव्वल





दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर / सिद्धार्थनगर। ललिता इंटर कालेज चौखड़ा में आयोजित भनवापुर ब्लॉक की ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लॉक भर के प्राथमिक एवं जूनियर संवर्ग के बालक बालिकाओं ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, प्राथमिक विद्यालय मंगराव के बच्चों को सभी पाँचों सांस्कृतिक कार्यक्रमों लोकगीत, लोकनृत्य, समूहगान, अंत्याक्षरी, राष्ट्रीय एकांकी में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है, जबकि विद्यालय की ही बालिका अंशिका पाण्डेय ने सभी प्रकार के दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर तहसील स्तरीय खेलों के लिए चयनित की गई, प्रधानाध्यापक दुर्गेश कुमार मिश्रा ने बताया कि ये सभी बच्चे अब तहसील स्तरीय खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

# प्रत्येक छात्र–छात्रा में शारीरिक एवं मानसिक क्षमता अलग–अलग होती है: मण्डलायुक्त

बस्ती। 'निपुण प्रदेश का सपना, सब बच्चे समझें भाषा और गणना' विषय पर मण्डल स्तरीय कार्यशाला भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में आयोजित की गयी। जिसका उद्घाटन मण्डलायुक्त गोविन्द राजू एन0एस0 ने दीप प्रज्जवलित कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त ने कहा कि प्रत्येक छात्र–छात्रा में शारीरिक एवं मानसिक क्षमता अलग–अलग होती है। शिक्षकों को उनकी क्षमता के अनुसार शिक्षा प्रदान करना चाहिए। बच्चे मातृ भाषा में जल्दी सीखते हैं। सभी शिक्षक सुनिश्चित करें कि सभी छात्र–छात्राओं को उचित समय पर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिले। प्रत्येक शिक्षक का कक्षा में व्यवहार अनुशासित होना चाहिए। बच्चे मां–बाप से बढ़कर अध्यापक की सुनते हैं तथा उन्हें सम्मान भी देते हैं। उन्होंनें कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विद्यालयों को सभी प्रकार की सुविधाएं एवं संसाधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं। उन्होंने सीडीओ को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों में बाउण्ड्रीवाल तथा दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए टॉयलेट की सुविधा उपलब्ध करायें। प्रत्येक विद्यालय में किचन गार्डेन तैयार कराया जाए तथा अध्यापकों द्वारा छात्र–छात्राओं को प्रत्येक पौधे के गुण के बारे में जानकारी दी जाए ताकि छात्र–छात्राएं पर्यावरण के प्रति जागरूक हो सकें। जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने कहा कि जनपद के हर्रैया ब्लाक को निपुण ब्लाक बनाया जायेगा। इसके लिए वहां के ब्लाक शिक्षा अधिकारी अभी से तैयारी शुरू कर दें। किसी प्रकार की समस्या तत्काल उनके संज्ञान में लायें। उन्होंने सभी शिक्षकों का आवाहन किया कि प्राइमरी स्कूल में पढ़ने वाला छात्र उस परिवार का एकमात्र आशा का केन्द्र होता है। उसको परिवार या कहीं और से ज्ञान नहीं प्राप्त होता है इसलिए शिक्षकों की यह जिम्मेदारी है कि वह बच्चों को समग्र शिक्षा प्रदान करें। लखनऊ परियोजना निदेशालय से आये गुणवत्ता विशेषज्ञ आनन्द पाण्डेय ने बताया कि स्कूलों में स्थानीय स्तर पर शिक्षण संसाधन उपलब्ध कराने के लिए बजट दिया जायेगा। सभी ए0आर0पी0 और एस0आर0जी0 सुनिश्चित करें कि विद्यालय में छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों की शतप्रतिशत उपस्थित हो। वे विद्यालय का निरीक्षण नहीं सुपरवीजन करें और वहां की कमियों को दूर करायें। एन0सी0ई0आर0टी0 की किताबें उपलब्ध करायी गयी हैं, इसका उपयोग किया जाए। दूरदर्शन पर एक घंटा पढ़ाई की जा रही है, घर पर बच्चे इसका उपयोग कर सकते हैं। छात्र–छात्राओं को विद्यालय में स्वतंत्र एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जाए। बच्चों के साथ शिक्षकों का आत्मीय सम्बन्ध हो। अच्छे विज्ञान मॉडल को प्रदेश स्तर पर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जायेगा। लखनऊ से आये परियोजना प्रबन्धक, कायाकल्प, एस0के0 तिवारी ने बताया कि जून 2018 से माननीय मुख्यमंत्री द्वारा प्रारम्भ किया गया और अब तक लगभग सात हजार करोड़ रूपये आपरेशन कायाकल्प पर व्यय किया जा चुका है। पिछले पांच वर्षों में प्राथमिक विद्यालय के भवन में काफी सुधार आया है। उन्होंने एडीओ पंचायत को निर्देशित किया है कि उनके द्वारा विद्यालय के कायाकल्प पर व्यय की गयी धनराशि का ब्यौरा डीपीआरओ के माध्यम से उपलब्ध करायें। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा कायाकल्प विद्यांजलि पोर्टल बनाया गया है जिस पर कोई भी व्यक्ति विद्यालय को विशेष रूप से जहां से वह पढ़ा है, को अपना अंशदान दे सकता है। उन्होंने 'मेरा विद्यालय, स्वच्छ विद्यालय' अभियान संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग शौचालय निर्धारित डिजाइन के अनुसार ही बनाया जाए।

## सम्पादकीय

**मैंने श्मेरी जाति हिंदुस्तानी आंदोलनश शुरू किया। उस आंदोलन का विरोध करने की हिम्मत किसी नेता की नहीं पड़ी। यहां तक कि गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी भी मुझे फोन कर के सहयोग देते रहे। बाद में जो लोग देश के सर्वोच्च पदों पर नियुक्त हुए, वे भी उस समय झंडा उठाकर मेरे साथ चलते रहे। मैं सोनिया गांधी को धन्यवाद दूंगा...**

# जाति जनगणना की राहुल की बात भारत तोड़ो!



अपनी श्भारत जोड़ोत्र यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने श्भारत तोड़ोत्र का नारा दे दिया है। उन्होंने कहा है कि भारत में जातीय जनगणना फिर से शुरु की जानी चाहिए। 2011 में कांग्रेस पार्टी ने जातीय जन–गणना करवाई थी लेकिन भाजपा सरकार ने उस पर पानी फेर दिया। उसे सार्वजनिक ही नहीं होने दिया और अब 2021 से जो जन–गणना शुरु होनी थी, उसमें भी जातीय जन–गणना का कोई स्थान नहीं है। राहुल गांधी इस वक्त जो कुछ कह रहे हैं, वह शुद्ध थोक वोट की राजनीति का परिणाम है। वे चाहते हैं कि इसके बहाने वे पिछड़ी जातियों के वोट आसानी से पटा लेंगे। लेकिन यदि राहुल गांधी को कांग्रेस के इतिहास का थोड़ा–बहुत भी ज्ञान होता तो वह ऐसा कभी नहीं कहते। क्या मैं राहुल को बताऊँ कि अंग्रेज सरकार ने भारत में जातीय जन–गणना इसलिए चालू करवाई थी कि वे भारत के लोगों की एकता को तोडना चाहते थे। क्यों तोडना चाहते थे? क्योंकि 1857 के स्वातंत्र्य–संग्राम में भारत के हिंदुओं और मुसलमानों ने मिलकर अंग्रेज सरकार की जड़ें हिला दी थीं। पहले इन दो आबादियों को तोडना और फिर जातियों के नाम पर भारत के सैकड़ों–हजारों दिमागी टुकड़े कर देना ही इस जातीय जनगणना का उद्देश्य था। इसीलिए 1871 से अंग्रेज ने जातीय–जनगणना शुरु करवा दी थी। कांग्रेस ने इसका डटकर विरोध किया था। महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरु ने जातीय जनगणना के विरोध में सारे भारत में जनसभाएं और प्रदर्शन आयोजित किए थे। इसी का परिणाम था कि 1931 में श्सेंसस कमिश्नरत्र जे.एच.हट्टन ने जातीय जनगणना पर प्रतिबंध लगा दिया। इस तरह की गणना कितनी गलत, कितनी अशुद्ध और कितनी अप्रामाणिक होती है, यह उन्होंने सिद्ध किया लेकिन कांग्रेस की मनमोहन–सरकार ने थोक वोटों के लालच में 2011 में इसे फिर से करवाना शुरु कर दिया। किसी भी पार्टी ने इसका विरोध नहीं किया, क्योंकि सभी पार्टियां थोक वोट पटाने की फिराक में रहती हैं। इसके विरोध का झंडा अकेले मैंने उठाया। मैंने श्मेरी जाति हिंदुस्तानी आंदोलनत्र शुरु किया। उस आंदोलन का विरोध करने की हिम्मत किसी नेता की नहीं पड़ी। यहां तक कि गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी भी मुझे फोन कर के सहयोग देते रहे। बाद में जो लोग देश के सर्वोच्च पदों पर नियुक्त हुए, वे भी उस समय झंडा उठाकर मेरे साथ चलते रहे। मैं सोनिया गांधी को धन्यवाद दूंगा कि जैसे ही वे न्यूयार्क में अपनी माताजी के इलाज के बाद दिल्ली लौटीं, उन्होंने सारी जानकारी मुझसे मांगी और उन्होंने तत्काल जातीय जनगणना को बीच में ही रूकवा दिया। मोदी को इस बात का श्रेय है कि प्रध ाानमंत्री बनने पर उन्होंने जातीय जनगणना के जितने अधूरे आंकड़े इकत्रे किए गए थे, उन्हें भी सार्वजनिक नहीं होने दिया। काश, उक्त बयान देने के पहले राहुल गांधी अपनी माँ सोनियाजी से तो सलाह कर लेते!

## दवा, दावे और हकीकत

औषधि की महाशक्ति बनने के लिए अनुसंधान और आविष्कार को प्रमुख कसौटी माना जाता है। दरअसल, अगर हम दवा क्षेत्र पर नजर डालें, तो एक दूसरी बड़ी समस्या हमारे ऊपर मंडरा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दावा किया है कि भारत अब ऐसी ताकत के रूप में उभर चुका है, जो दुनिया को दवाएं और वैक्सीन उपलब्ध करा रहा है। ये बात अर्धसत्य है। इसलिए कि भारत दवाओं के रिसर्च और डेवलपमेंट में आज भी बहुत पीछे है। मसलन, ऑक्सफॉर्ड–ऐस्ट्राजेनिका वैक्सीन का भारत में कोवीशील्ड नाम से उत्पादन देश की एक क्षमता को तो दिखाता है, फिर भी यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि औषधि की महाशक्ति बनने के लिए अनुसंधान और आविष्कार को प्रमुख कसौटी माना जाता है। बहहरहाल, इस बहस से निकलते हुए अगर हम दवा क्षेत्र पर नजर डालें, तो एक दूसरी बड़ी समस्या हमारे ऊपर मंडरा रही है। ये समस्या एंटीबायोटिक दवाओं के बेसर होने की है। कोरोना महामारी के पहले भी वैश्विक स्तर पर एंटीबायोटिक दवाओं को बेअसर करने वाले पैथोजन बड़ी चिंता बन चुके थे। महामारी ने हालत और गंभीर बना दिया है। इसी साल की शुरुआत में द लैन्सेट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक 2019 में दवाओं को बेअसर करने वाले इंफेक्शनों के कारण 13 लाख लोगों की मौत हुई। भारत में बीते एक साल में कई एंटीबायोटिक और एंटीफंगल दवाओं के प्रति बैक्टीरिया ने प्रतिरोधक क्षमता हासिल कर ली है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने इस वर्ष सितंबर में एक रिसर्च प्रकाशित की। इसके मुताबिक कई बैक्टीरियल इंफेक्शनों के मामले में कार्बापेनेम्स दवाएं बेअसर हो चुकी है। कार्बापेनेम्स दवाओं की वह श्रेणी है, जो आईसीयू में न्यूमोनिया जैसे आम इंफेक्शनों के इलाज में इस्तेमाल की जाती रही है। रिपोर्ट तैयार करने से जुड़े रहे वैज्ञानिकों के मुताबिक सेप्सिस या कई गंभीर इंफेक्शनों के इलाज के मामले में दवाएं कम पड़ती जा रही हैं। इसकी वजह है उच्च प्रतिरोधक क्षमता वाले पैथोजंस। आम तौर पर पैथोजन क्रमिक विकास करते हुए मजबूत होते जाते हैं। लेकिन दवाओं के अत्यधिक या गलत इस्तेमाल से ये प्रक्रिया तेज हो सकती है। विशेषज्ञों ने कहा है कि भारत में मेडिकल केयर के अच्छे और विस्तृत ढांचे के अभाव ने इस मुश्किल को बहुत ज्यादा बढ़ाया है। अस्पतालों में इंफेक्शन कंट्रोल में कमजोरी और डायग्नोस्टिक सपोर्ट की कमी इसकी दो मुख्य वजहें हैं। बेहतर होता, सरकार ऊंचे दावे करने के बजाय इस और समस्याओं पर ध्यान देती।

# कनाडा का मतलब और उसमें भारतीय

**जब उसी साल सितंबर माह में जहाज भारत पहुंचा तो कलकत्ता के तट पर पहुंचा तो वहां भी लोगों को उतारने की अनुमति नही दी गई। यूनियन उन्हें ट्रेन से जबरन पंजाब वापस भेजना चाहती थी। यह लोग जब जहाज से उतरने लगे तब उनमें व अंग्रेज पुलिस के बीच टकराव हुआ व पुलिस की गोलाबारी में 20 लोग मारे गए। जहाज लाने वाला गुरदीत सिंह लापता हो गया। कुछ सालों बाद उसने आत्म समर्पण...**

विवेक सक्सेना

मैंने अपनी कनाडा यात्रा के बारे में लिखना तो शुरु कर दिया पर पाठकों को इस देश के बारे में यह नहीं बताया कि वह कहां है। अतरू इस बारे में थोड़ी बहुत जानकारी देने की कोशिश कर रहा हूं। दरअसल उत्तरी अमेरिका का यह देश भारत से लगभग बिना रूके 14 घंटे की उड़ान उडने के बाद आता है। रूस के बाद क्षेत्रफल के हिसाब से यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है जहां दुनिया की सबसे ज्यादा मीठे पानी की झीले हैं वहां करीब 2 लाख झीले है।

दोबारा कॉलम लिखना शुरु करने के लगभग एक सप्ताह बाद रात को मेरी नींद टूटी। मुझे एक पुरानी बात याद हो आई। मेरे एक संपादक ने मुझे एक बार कहा था कि जब भी तुम किसी स्थान विशेष का जिक्र करो तो उसके बारे में कुछ जरुर लिख देना। जैसे कि त्रिरूचिरापल्ली नाम के स्थान का जिक्र करते हुए यह जरुर बता देना कि वह कहां है और वहां कौन सी भाषा बोली जाती है। उनका कहना था कि आम पाठक को हर चीज के बारे में जानकारी नहीं होती है और न ही तो वह इस बारे में किसी से कुछ जानने की कोशिश करता है, शायद यही वजह है कि मैंने जीवन में कभी भी टाई पहनना नहीं सीखी और न ही मुझे रेलवे का टाइम टेबल देखना आता है।

अब तो खैर रेलवे ने टाइम टेबल ही छापना बंद कर दिया है। मुझे लगा कि मैंने अपनी कनाडा यात्रा के बारे में लिखना तो शुरु कर दिया पर पाठकों को इस देश के बारे में यह नहीं बताया कि वह कहां है। अतरू इस बारे में थोड़ी बहुत जानकारी देने की कोशिश कर रहा हूं। दरअसल उत्तरी अमेरिका का यह देश भारत से लगभग बिना रूके 14 घंटे की उड़ान उडने के बाद आता है। रूस के बाद क्षेत्रफल के हिसाब से यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है जहां दुनिया की सबसे ज्यादा मीठे पानी की झीले हैं वहां करीब 2 लाख झीले है।

कुछ का आकार तो छोटे मोटे देशों से भी बड़ा है। यहां लोकतंत्र है व उसकी प्रमुख ब्रिटेन की महारानी होती है जो कि अपने द्वारा नियुक्त गर्वनर–जनरल के जरिए राज करती है। देश का सबसे बड़ा प्रशासक प्रधानमंत्री होता है। सरकार जनता द्वारा चुनी जाती है। वहां 10 राज्य व तीन केंद्र शासित प्रदेश हैं। अंग्रेजी व फ्रेंच यहां की मुख्य भाषाएं हैं क्योंकि कभी अंग्रेज व फ्रांसीसी इस देश पर शासन कर चुके हैं। यहां की मुद्रा डालर व सेंट है। नोटों पर महारानी की तस्वीर छपी होती है। यहां के अपने निवासियों की जनसंख्या 3.8 करोड़ है व बाहर से आए लोगों में भारतीय लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है।

कनाडा एक बहुत साफ सुथरा प्राकृतिक दृश्यों से भरपूर देश है जहां बहुत जबरदस्त हरियाली है। भारतीय लोगों में हिंदुओं व सिखों की आबादी करीब 10 लाख है जो कि यहां का महज पांच फीसदी हिस्सा है। वहां जनसंख्या काफी कम होने के कारण एशियाई देशों से बहुत बड़ी संख्या में युवा वहां पढने व नौकरी करने के लिए जाते हैं। हालात यह है कि 2019 के आम चुनाव में वहां भारतीय मूल के 20 सदस्य जीते थे व मौजूदा प्रधानमंत्री जस्टिन त्रूडो ने उनकी मदद से अपनी सरकार बनायी व इनमें से एक सिख को उन्होंने अपना रक्षा मंत्री भी बनाया था।

यह देश प्राकृतिक संसाधनों से काफी संपन्न है। हां सोना, क्रोमियम, निकेल, कैडमियम से लेकर रेडियो एक्टिव धातुओं कोयले तक के विशाल भंडार वहां बड़ी तादाद में है। वहां गेहूं, अरंडी (कनोल) की भी खेती होती है। वहां बहुत बड़ी तादाद में हरियाली व ओक, चीड़ आदि के पेड़ बड़ी मात्रा में है। उसकी अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी है व अमीरी के लिहाज से वह दुनिया में तीसरे स्थान पर आता है।

वहां आने वाला पहला भारतीय केसर सिंह था जो कि ब्रिटिश सेना के एक अधिकारी थे। शुरु में उनकी तरह आने वाले ज्यादातर भारतीय सिख ब्रिटिश सेना में विश्व युद्ध में काम कर चुके थे व उनकी मेहनत व स्वामीभक्ति से ब्रिटिश बहुत प्रभावित थे। शुरु में आने वाले ज्यादातर भारतीय पंजाब से थे जो कि यहां के लोगों की तुलना में कम मजदूरी पर यहां काम करने लगे और पैसा बचाकर अपने घरों को भेजने लगे ताकि उनके परिवार के लोग यहां आ सके। शुरु में आने वाले ज्यादातर भारतीय ब्रिटिश कोलंबिया से वेकूंवर शहर से सटे इलाके में बसे जो कि दिल्ली के तिलक नगर जैसे लगता है। वहां ये लोग यहां खेती करने का काम करते थे। मगर बाद में जापानी व चीनी लोगों के आने के बाद मजदूरी से लेकर अन्य बातों को लेकर उनमें आपस में टकराव पैदा होने लगा।

पहले सिख समेत सभी लोग भारत के हिंदू ही माने जाते थे। दाढ़ी रखने के कारण अंग्रेज उनसे नाराज होने लगे। उनको लगता था कि पगड़ी बांधने व दाढ़ी व मूंछ रखने वाले ये गंदे लोग होते हैं। उनका कनाडा में विरोध शुरु हो गया व वहां के एक प्रधानमंत्री ने तो यहां तक कह दिया कि भारतीय कनाडा में बसने के लायक नहीं है। वहां की सरकार ने एक कानून बनाकर वहां आने वाले विदेशी खासतौर से भारतीयों को प्रतिबंधित करने की कोशिश की। इसके तहत उनके लिए अपने शहर देश से कनाडा तक की बिना रूके यात्रा करने व साथ कम से कम 200 डालर पैसा लाना जरुरी कर दिया गया। ताकि वे लोग अपने देश से कनाडा न आ सके। मगर 1905 में वहां पहला गुरुद्वारा स्थापित किया जा चुका था व गुरुद्वारों का कामकाज देखने के लिए चीफ खालसा दीवान की भी स्थापना हो चुकी थी।


# पुल गिरने के लिए बनते हैं!

**जब तक इस तरह के हादसों के वास्तविक जिम्मेदारों को सजा नहीं होगी तब तक ऐसे हादसे नहीं रूकेंगे। मोरबी हादसे में मारे गए लोगों की सच्ची श्र)ांजलि मुआवजा देना नहीं है। अगर सरकारें इससे सबक लेती हैं, वास्तविक जिम्मेदार लोगों को सजा देती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि देश भर में जितने भी पुल और इस तरह का स्ट्रक्चर है, उनकी जांच होगी, जहां जरूरत होगी वहां मरम्मत होगी और एक...**

अजीत द्विवेदी

पाकिस्तान के मशहूर व्यंग्यकार अनवर मकसूद के लोकप्रिय टेलीविजन शो श्लूज टॉक्त्र के एक एपिसोड में मोईन अख्तर शिक्षक बन कर आए थे और उन्होंने एक सवाल पूछा कि श्पुल किसलिए बनते हैंत्र? एंकर अनवर मकसूद ने कई जवाब दिए लेकिन मोईन अख्तर संतुष्ट नहीं हुए और अंत में उन्होंने जवाब दिया कि श्पुल गिरने के लिए बनते हैंत्र! यह पाकिस्तान की बात थी, लेकिन भारत पर भी लागू होती है। भारत में भी पुल गिरने के लिए ही बनते हैं। हो सकता है कि पाकिस्तान से कुछ कम गिरते हों लेकिन भारत में भी पुल अक्सर गिर जाते हैं। हर बार इसकी बड़ी खबर इसलिए नहीं बनती है क्योंकि कई बार ऐसे समय में पुल गिरते हैं, जब उनके ऊपर या नीचे कोई नहीं होता है। यानी हादसे में कोई मारा नहीं जाता है। निर्माणाधीन फ्लाईओवर, रेलवे ओवरब्रिज, फुटओवर ब्रिज या मेट्रो के खंभों पर बिछाई जा रही पटरियां गिर जाती हैं। एक अंतरराष्ट्रीय जर्नल श्स्ट्रक्चर एंड इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंगत्र में 2020 में एक रिपोर्ट छपी थी। श्एनालिसिस ऑफ ब्रिज फेल्योर इन इंडिया फ्रॉम 1977 टू 2017त्र नाम से छपी इस रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत में इन 40 सालों में 2,130 पुल तैयार नहीं हो पाए या निर्माण के अलग अलग चरणों में गिर गए!

असल में पुल गिरना मीडिया में बड़ी खबर तब बनता है, जब ऐसी घटनाओं में लोग मरते हैं या घटना ऐसी जगह होती है, जहां चुनाव होने वाले होते हैं। याद करें कोलकाता में 2016 में विवेकानंद फ्लाईओवर गिर जाने की घटना को। उस घटना में 24 लोगों की जान गई थी। यह घटना मार्च में हुई थी और मई में पश्चिम बंगाल में चुनाव होने वाले थे। सो, यह बड़ी खबर बनी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसे लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा था। बंगाल में 2018 में भी दक्षिण कोलकाता में एक पुल गिर गया था लेकिन उसकी कोई चर्चा नहीं हुई क्योंकि सिर्फ चार लोग मरे थे और कोई चुनाव भी नहीं था। पिछले 10–12 साल में ही पुल गिरने के कई बड़े हादसे हुए, जिसमें लोगों की जान गई। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में 2011 में लकड़ी का एक पुल गिर गया था, जिसमें 32 लोगों की जान चली गई थी। इसके थोड़े ही दिन बाद अरुणाचल प्रदेश में एक फुटब्रिज टूट कर गिर गया, जिसमें 30 लोगों की मौत हुई। मरने वाले ज्यादातर बच्चे थे। तीन साल पहले 2019 में मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज रेलवे टर्मिनस पर एक फुटओवर ब्रिज टूट गया था, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी। इस पुल का ऑडिट छह महीने पहले ही हुआ था! सोचें, अगर इन घटनाओं से कोई सबक लिया गया होता तो गुजरात के मोरबी में पुल गिरने का इतना बड़ा हादसा होता? गुजरात के मोरबी में माच्छू नदी पर बना करीब 136 साल पुराना पुल मरम्मत के बाद दोबारा चालू होने के चौथे ही दिन टूट गया। पुल पर मौजूद करीब चार सौ लोगों में से ज्यादातर लोग नदी में गिर गए और करीब 140 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में सबसे ज्यादा संख्या बच्चों की है। इतने भयावह और दर्दनाक हादसे का जिम्मेदार कौन है? क्या हादसे के लिए वे ही लोग जिम्मेदार हैं, जिनको गिरफ्तार किया गया है और जिनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या के मामले दर्ज हुए हैं? जिस कंपनी को पुल के रखरखाव का ठेका दिया गया था उस कंपनी के छोटे छोटे नौ कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। हो सकता है कि उनके लालच की वजह से हादसा हुआ हो क्योंकि बताया जा रहा है कि टिकट क्लर्क ने क्षमता से कई गुना ज्यादा लोगों को टिकट दे दी थी। इसके बावजूद मुख्य जिम्मेदारी उनके ऊपर आयद नहीं होती है। मुख्य जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की बनती है। जिला कलेक्टर से लेकर नगरपालिका के अधिकारी और लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर व अन्य अधिकारी जिम्मेदार बनते हैं और उससे भी ऊपर श्डबल इंजनत्र की सरकार की जिम्मेदारी बनती है। यह यह हैंगिंग यानी झूलता हुआ पुल था, जो आमतौर पर पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में बनाया जाता था। अंग्रेजी राज में 1887 में जब यह पुल बना था तब बताया जा रहा है कि एक समय में इस पर 15 लोगों के जाने की इजाजत थी और जिस दिन हादसा हुआ उस दिन पुल पर चार सौ या उससे ज्यादा लोग थे! क्या इसके लिए सिर्फ टिकट क्लर्क जिम्मेदार ठहराया जाएगा? पुल के रखरखाव का काम अरेवा नाम की जिस कंपनी को दिया गया था उसका मुख्य काम घरों में काम आने वाले छोटे छोटे इलेक्ट्रॉनिक आइटम बनाने का है। क्या ऐसी कंपनी को ठेका देने के लिए कंपनी के छोटे कर्मचारी जिम्मेदार हैं? छह महीने की मरम्मत के बाद कंपनी ने फिटनेस सर्टिफिकेट लिए बगैर ही पुल चालू कर दिया था क्योंकि दिवाली के अगले दिन गुजराती नव वर्ष होता है और उस दिन काफी लोग इस क्षेत्र में घूमने आते हैं। क्या इसके लिए भी कंपनी के सिर्फ छोटे छोटे कर्मचारी जिम्मेदार ठहराए जाएंगे? असल में कंपनी के प्रबंधन या उसके मझोले व निचले स्तर के कर्मचारियों से ज्यादा जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की बनती है। सबको पता था कि पुल बहुत पुराना और कमजोर है फिर भी किसी अनुभवहीन कंपनी को उसके रखरखाव का ठेका क्यों दिया गया? नगरपालिका से फिटनेस सर्टिफिकेट लिए बगैर पुल कैसे चालू हो गया? कंपनी के प्रबंधन की हिम्मत कैसे हुई कि वह बिना प्रमाणपत्र के इसे चालू करे? पुल 25 अक्टूबर को चालू हुआ और हादसा 30 अक्टूबर को हुआ, इस दौरान स्थानीय प्रशासन और पुलिस क्या कर रहे थे? क्या पांच दिन तक उनको पुल चालू होने की सूचना नहीं मिली या उन्होंने जान बूझकर किसी फायदे के लिए अवैध तरीके से पुल को चालू होने दिया? इससे क्या पुल का रखरखाव करने वाली कंपनी और स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत का मामला सामने नहीं आता है? इसके बावजूद गाज गिरी है, कंपनी के छोटे छोटे कर्मचारियों पर! साथ ही पूरे मामले पर लीपापोती का प्रयास भी शुरू हो गया है। छोटे कर्मचारियों की गिरफ्तारी और पांच लोगों की विशेष जांच टीम यानी एसआईटी बना कर मामले की तात्कालिक गरमी को शांत कर दिया गया है और अब आगे की जांच सरकारी स्टाइल में चलती रहेगी। जाहिर है कि भारत में इस तरह के हादसों से कोई सबक नहीं लिया जाता है। हादसों के तुरंत बाद मुख्यमंत्री और प्रध ाानमंत्री राहत कोष से मुआवजे का ऐलान कर दिया जाता है, कुछ छोटे मोटे लोगों को गिरफ्तार कर लिया जाता है और उसके बाद जांच शुरू हो जाती है, जिससे अंत में किसी की जवाबदेही नहीं तय होती है। एक समय था, जब रेल दुर्घटना पर लाल बहादुर शास्त्री ने और विमान हादसे पर माधवराव सिंधिया ने इस्तीफा दे दिया था। लेकिन अब कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। जब तक इस तरह के हादसों के वास्तविक जिम्मेदारों को सजा नहीं होगी तब तक ऐसे हादसे नहीं रूकेंगे। मोरबी हादसे में मारे गए लोगों की सच्ची श्रद्धांजलि मुआवजा देना नहीं है। अगर सरकारें इससे सबक लेती हैं, वास्तविक जिम्मेदार लोगों को सजा देती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि देश भर में जितने भी पुल और इस तरह का स्ट्रक्चर है, उनकी जांच होगी, जहां जरूरत होगी वहां मरम्मत होगी और एक भी जान ऐसे हादसे में नहीं जाने दी जाएगी, वह मोरबी में मारे गए लोगों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



# मंडलीय नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा मेला एवं सम्मान का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जनपद मुख्यालय राबर्ट्सगंज स्थित राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज के प्रांगण में सोमवार को मंडलीय निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा मेला का भव्य आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे सदर विधायक भूपेश चौबे व विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत चौबे, सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ धर्मवीर तिवारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल ने मां सरस्वती एवं हैनीमैन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि होम्योपैथ चिकित्सा सस्ता, सुलभ माध्यम है। जिसके माध्यम से अनेक असाध्य रोगों का निवारण होता है, यह आम जनता के लिए उपयोगी है उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को प्रदेश भर में निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा मेला का आयोजन होता है, इसी क्रम में आज विंध्याचल मंडल के सोनभद्र जनपद में चिकित्सा मेला आयोजित हुआ जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया और दवा इत्यादि का लाभ उठाया। मुख्य अतिथि ने आगे कहा कि इस आयोजन के सफलता के लिए मैं इस चिकित्सा मेले के संयोजक एवं विंध्याचल मंडल की होम्योपैथी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अख्तर जहां और आयोजक व सोनभद्र के जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी संतोष सोनी तथा स्वास्थ्य मेले के व्यवस्थापक डॉक्टर आनंद नारायण वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी चुर्क और उनकी टीम को हार्दिक बधाई देता हूं कि उनके अथक, कठिन परिश्रम से यह कार्यक्रम सफल रुप से संपन्न हुआ। वही इस अवसर पर राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य शिवधारी शरण राय को कॉलेज के भूतपूर्व छात्र एवं रामायण कल्चर मैपिंग योजना के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एवं उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग विभाग के नामित सदस्य दीपक कुमार केसरवानी माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया। तत्पश्चात पारसनाथ मिश्र भैया लाल सिंह मुरलीधर द्विवेदी, बच्चन प्रसाद राजाराम केशरी, सुशील कुमार श्रीवास्तव सच्चिदानंद श्रीवास्तव, कांता प्रसाद द्विवेदी, कृष्ण कुमार तिवारी, रामजी चौबे को जिला होम्योपैथ चिकित्सा अधिकारी संतोष सोनी, डॉक्टर कुसुमाकर श्रीवास्तव, डॉक्टर आनंद नारायण आदि लोगों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जयंत तिवारी, डॉ राजेश चंदेल, आर एस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बृजेश सिंह, डॉक्टर संजय सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ विपुल ने किया।




- **होम्योपैथ चिकित्सा पद्धति सस्ता व सुलभ चिकित्सा का माध्यम है-भूपेश चौबे**
- **सैकड़ों मरीजों ने स्वास्थ्य मेले का उठाया लाभ**

# बनवासी समागम के कार्यक्रम स्थल का डीएम और एसपी ने लिया जायजा

## कार्यक्रम को लेकर सरकारी अमले को दिया आवश्यक दिशा निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सेवा समर्पण संस्थान द्वारा संबद्ध अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम सेवाकुंज आश्रम के बिरसा मुंडा वनवासी विद्यापीठ के प्रांगण में 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस पर होने वाले बनवासी समागम कार्यक्रम को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक पूरे लाव लश्कर के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के पश्चात जिलाधिकारी चंद्रविजय सिंह व पुलिस अधीक्षक ने पहले रूट की जानकारी ली तत्पश्चात हेलीपैड का निरीक्षण, ग्राउंड का निरीक्षण, विश्राम कक्ष का निरीक्षण कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कार्यक्रम स्थल पर मंच पंडाल, साउंड, इलेक्ट्रिक सिस्टम, बैरिकेडिंग, फुलसज्जा, स्विस कॉटेज, हेलीपैड से सर्विस रोड, कार्यक्रम स्थल के आसपास सर्विस रोड, पार्किंग एरिया एवं जंगल सफाई, मिट्टी रोलिंग का कार्य, भोजनालय, भोजन, पेयजल पर प्रदेश सह संगठन मंत्री आनंदजी से चर्चा किया। सह संगठन मंत्री आनंद ने बताया कि बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। वर्षों से वंचित समाज अपने हक को वनाधिकार के तहत पट्टा के रूप में प्राप्त करेगा.तथा बताया कि यह उत्तर प्रदेश का पहला ऐसा कार्यक्रम होगा जिसमें उत्तर प्रदेश में निवास करने वाली सभी जनजातियों का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत होगा इस अवसर पर गोरखपुर से वनटगियाँ जनजाति की टीम, चित्रकूट से कोल जनजाति की टीम, बहराइच पीलीभीत लखीमपुर से थारू जनजाति की टीम, बुंदेलखंड की टीम व सोनभद्र से खरवार गोड़ घसिया धाँगर चेरो बैगा की टीम अपने अपने कला का प्रदर्शन करेगी.जनजातियों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक संवर्धन हेतु इस तरह के कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सहमंत्री आलोक कुमार चतुर्वेदी ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, एडीशनल एसपी विजय शंकर मिश्र, एसडीएम शैलेन्द्र कुमार मिश्र, समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, अधीशाषी अभियंता हीरामणि वर्मा, सेवाकुंज आश्रम केंद्र प्रमुख कृष्ण गोपाल आदि लोग उपस्थित रहे।



# भाकपा कार्यकर्ताओ ने सौपा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। विकास खण्ड बभनी के प्रागण में सोमवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के तत्वावधान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। तेईस सुत्रीय ज्ञापन सौप कर धरना समाप्त किया।



विकास खण्ड बभनी के प्रागण मे सोमवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के तत्वावधान मे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना की अध्यक्षता कामरेड कन्हैयालाल ने किया। धरना के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखे। जिला सह सचिव देव कुमार विश्वकर्मा ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, शुद्ध पेय जल, धान खरीद, वन उपज, फर्जी मुकदमों सहित तमाम मुद्दों पर चर्चा किया। मनरेगा मे दो सौ दिन का काम और 600 की मजदुरी की माग किया। मच्छर रोधी दवाओं का छिडकाव विस्थापन मुद्दों पर चर्चा किया। इसमे बिजली कटौती, सार्वजनिक वितरण प्रणाली मे मनमानी, वनाधिकार, सहित विकास कार्यो मे व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर आवाज बुलन्द किया सुबह से धरना पर बैठे कार्यकर्ताओ का सब्र तब टुट गया जब तीन बजे तक ब्लाक कार्यालय से कोई भी व्यक्ति ज्ञापन लेने नही पहुचा। आक्रोशित कार्यर्ताओं ने हगामा शुरू कर दिया और ब्लाक परिसर का गेट जाम कर दिया और नारे बाजी शुरू कर दिया। करीब बीस मिनट बाद खण्ड विकास अधिकारी राजेश सिह धरना स्थल पर पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने तेईस सुत्रीय ज्ञापन सौप कर कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान जिला सचिव आर के शर्मा, अशोक कनौजिया, प्रमोद कुमार, प्रेम चन्द्र गुप्ता, राजेन्द्र प्रसाद, गुलाब, धनुक प्रसाद, दलवीर खरवार, एस एस मिश्रा आदि लोग मौजुद रहे।

# दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की सजा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। अपर सत्र न्यायाधीश (सीएडब्लू) सोनभद्र आशुतोष कुमार सिंह की अदालत ने साढ़े 12 वर्ष पूर्व अपहरण कर नाबालिग बालिका के साथ किए गए दुष्कर्म के मामले में सुनवाई करते हुए सोमवार को दोषसिद्ध पाकर दोषी मनोज कुमार को 20 वर्ष की कैद एवं एक लाख 40 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अपहरण के दोषी रमाशंकर को 7 वर्ष की कैद एवं 40 हजार रुपये अर्थदंड के 8 सजा सुनाई। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं पीड़िता को अर्थदंड की आधी धनराशि 90 हजार रुपये मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक चोपन थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 9 मार्च 2010 को शाम 7 बजे उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी माचिस लेने निकली, लेकिन वह वापस नहीं लौटी। उसकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इसपर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की थी। काफी दिनों के बाद पुलिस ने बेटी को चोपन थाना क्षेत्र के पटवध गांव निवासी मनोज कुमार पुत्र रम्मन के पास से बरामद कर लिया। उसके बाद बेटी ने आपबीती सुनाई। तहरीर में अवगत कराया गया है कि जब 9 मार्च 2010 को शाम 7 बजे माचिस लेने निकली थी तभी पटवध गांव निवासी मनोज कुमार व सिंदुरिया गांव निवासी रमाशंकर मिले और उसे चाकू दिखाकर गाड़ी में बैठा लिए और मध्यप्रदेश के भोपाल शहर ले आए। जहां पर बेटी के साथ मनोज कुमार ने जबरन दुष्कर्म किया। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी मनोज कुमार को 20 वर्ष की कैद एवं एक लाख 40 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अपहरण के दोषी रमाशंकर को 7 वर्ष की कैद एवं 40 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। जबकि पीड़िता को अर्थदंड की आधी धनराशि 90 हजार रुपये मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील विनोद कुमार पाठक एडवोकेट ने बहस की।

- **एक लाख 40 हजार रुपये अर्थदंड, न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद**
- **अपहरण के दोषी रमाशंकर को 7 वर्ष की कैद**
- **40 हजार रुपये अर्थदंड, न देने पर 3 माह की अतिरिक्त कैद**
- **अर्थदंड की आधी धनराशि 90 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी**

# यातायात माह में लोगों को नियम सिखा रही अनपरा पुलिस

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। यातायात माह नवंबर में पुलिस का पूरा जोर लोगों को जागरूक करने पर है। इसके तहत एसएचओ अनपरा भैया एस पी सिंह आदित्य विडला इंटर मीडिएट कालेज रेनुसागर में छात्र–छात्राओं को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया। नवंबर में हर साल यातायात माह मनाया जाता है। इस दौरान पुलिस सख्ती करने के साथ लोगों को जागरूक करती है। एसओ अनपरा भैया एसपी सिंह ने छात्र–छात्राओं से अपील की है कि स्कूल जाते समय ठीक समय पर घर से निकलें, ताकि बस पकड़ने के लिए दौड़ना न पड़े। स्कूल से निर्धारित बस स्टाप पर बस में चढ़ें या उतरें। चौराहे पर या अनाधिकृत बस स्टाप से बस पर न चढ़ें न ही उतरें। टेंपो व ई–रिक्शा से स्कूल जाते समय सावधानी पूर्वक बैठें। सड़क पर दौड़ भी नहीं लगाएं, हमेशा सुरक्षित स्थान से ही सड़क को पार करें। यातायात नियमों व संकेतों के बारे में जानकारी दी गई। सड़क पर सुरक्षित चलने के प्रति जागरूक किया गया। भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। महिला कांस्टेबल निधि ने छात्राओं को मुख्यमंत्री के महिला सुरक्षा सम्बन्धी योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर आदित्य विडला इंटर मीडिएट कालेज रेनुसागर के प्रधानाचार्य आर सी पांडेय, सदानन्द पांडेय, कांस्टेबल नितेश सिंह, महिला कांस्टेबल निधि सहित भारी संख्या में छात्र–छात्राये मौजूद रही।



## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:- 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:- 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:- 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:- 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:- 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:- 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:- 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:- 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:- 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:- 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:- 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:- 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:- 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:- 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:- 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:- 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:- 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:- 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:- 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:- 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:- 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:- 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:- 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

# यूपीएल रिहंद द्वारा मनाया गया सतर्कता जागरूकता सप्ताह

दैनिक बुद्ध का संदेश

बीजपुरध्सोनभद्र। यूटिलिटी पावरटेक लिमिटेड रिहंद द्वारा 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक सतर्कता जागरूक सप्ताह मनाया गया। इस साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसकी जानकारी देते हुए, रेजिडेंट मैनेजर सतीश कुमार दुबे ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत में सभी कर्मचारियों को सतकर्ता प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई गई। इसके बाद 3 नवंबर को एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसका विषय भ्रष्टाचार मुक्त भारत–विकसित भारतष् था। 4 नवंबर को स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। दिनांक 7 नवंबर को इसका समापन समारोह यूपीएल के कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एस के दुबे ने बताया कि भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए हमें भ्रष्टाचार नहीं करना है और ना ही किसी को करने देना है। उन्होंने सभी लोगों को इस तरह का शपथ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल चतुर्वेदी ने और धन्यवाद ज्ञापन सुशील आर्या ने किया। इस विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मनोज सिंह ने कहा कि आप अपने सहकर्मियों को इस दिशा में जागरूक करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुमन कुंडू ने किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए रजनीश कुमार, मुरलीधर शर्मा, सौरभ कुमार, रविंद्र लाल, श्रवण कश्यप आदि ने भी अपने–अपने विचार व्यक्त किए। अंत में सभी विजेताओं को रेजिडेंट मैनेजर एस के दुबे के द्वारा पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित किया जाता रहेगा। इस अवसर पर यूपीएल के सभी कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।




# जिला कारागार गुरमा में आठ दिवसीय क्रिकेट प्रीमियर लीग मैच का हुआ शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का संदेश

गुरमा/सोनभद्र। जिला कारागार गुरमा में सोमवार से जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के द्वारा आठ दिवसीय क्रिकेट प्रीमियर लीग मैच का जिला कारागार अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव ने उद्घाटन कर शुभारंभ किया गया। जेलर जगदम्बा प्रसाद दुबे ने बताया कि जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के खेलभावना को देखते हुए जिला कारागार परिसर में ही आठ दिवसीय क्रिकेट प्रीमियर लीग मैच का शुभारंभ 7 नवम्बर से लेकर 14 नवम्बर तक चलेगा। रनर और विनर टीम को शिल्ड के साथ सम्मनित पुरस्कार का भी वितरण किया जाएगा। जो जिला कारागार के 8 बैरिको से 4 टीम बनाई गई है। प्रथम टीम गुरमा 11, दो नम्बर सुपर किंग्स टीम, तीसरी टीम राइटर 11, चौथी टीम पीएचसीसी, ये चार क्रिकेट टीम आठ दिवसीय क्रिकेट प्रीमियर लीग में प्रतिभाग कर रहे है। जिसमें अच्छा खेलने वाले खिलाड़ियों को अच्छे पुरस्कार के साथ सम्मानित भी किया जायेगा। जिसमें मुख्य अंपायर की भूमिका निरुद्ध बंदी कृष्णावतार निभा रहे हैं।



**बुद्ध का संदेश**
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.-UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# मौसम में बदलाव के साथ ही पनपने लगती हैं सिरदर्द की समस्या, इन नुस्खों से मिलेगा आराम



सिरदर्द एक आम स्वास्थ्य समस्या है जो तब बढने लगती हैं जब मौसम में बदलाव होने लगता हैं। इस समय वातावरण में थोड़ी ठंडक होने लगी हैं जिसके कारण शरीर को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैं जिसमें से एक हैं सिरदर्द की समस्या। हांलाकि इसके अलावा भी सिरदर्द के कई कारण हो सकते हैं जैसे कि लिम्फ नोड्स में सूजन, ऑक्सीपिटल न्यूरेल्जिया, साइनसाइटिस, तनाव, क्लस्टर और पेट में गैस आदि। सिर में दर्द की समस्या से राहत पाने के लिए लोग पेनकिलर्स का सहारा लेते हैं, लेकिन दर्द निवारक दवाओं का ज्यादा उपयोग हमारे शरीर को कई तरह से नुकसान पहुंचाता है। ऐसे में आज हम आपके लिए कुछ ऐसे घरेलू नुस्खें लेकर आए हैं जिनकी मदद से सिरदर्द की समस्या से राहत पाई जा सकती हैं।

गुड़ और दूध का करें सेवनः अगर आप सिर के दर्द से परेशान रहते हैं तो आपके लिए गुड़ के साथ दूध का सेवन करना बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। इस समस्या से निजात पाने के लिए रोज सुबह उठने के बाद खाली पेट छोटा सा गुड़ का टुकड़ा मुंह में रखें और उसके बाद ठंडा दूध पीएं। रोज सुबह इसके सेवन से सिर के दर्द से आपको काफी राहत मिलेगा।

दालचीनीः दालचीनी ना सिर्फ आपके खाने को एक अलग स्वाद देती है, बल्कि माइग्रेन के दर्द से राहत भी दिलाती है। दालचीनी के पाउडर को पानी के साथ मिलाकर पेस्ट बनाकर माथे पर लगाएं। आधे घंटे बाद इसे गुनगुने पानी से धो लें। आपको तुरंत लाभ मिलने लगेगा।

पुदीनाः गुनगुने पानी में पुदीना के तेल की 1–2 चम्मच डालकर या 4–5 बूंदें डालकर पीने से भी सिरदर्द से राहत मिलती है। पुदीना के तेल में मौजूद मेंथाल ब्लड सर्कुलेशन बेहतर बनाने में मदद करता है। यह तनाव को कम करने में मदद करता है और आपको तरोताजा महसूस कराता है। यह सिरदर्द में बहुत लाभकारी है।

गर्म पानी और नींबू का रसः आप कहीं बाहर हैं और आप वहां कोई घरेलू तरीका नहीं आजमा सकती हैं सिर दर्द के लिए, तो आप फटाफट से तैयार होने वाला यह नुस्खा आजमा सकते हैं। इसमें आपको सिर्फ यह करना है कि 1 गिलास में गर्म पानी लीजिए और उसमें नींबू का रस डालकर पी लें। फिर देखिएगा आपको सिर दर्द से कितनी जल्दी राहत मिलती है। कई बार पेट में गैस बनने से भी सिर दर्द होने लगता है। उस स्थिति में भी यह घरेलू उपाय बेहद ही कारगर माना गया है। सेब का सिरकाः सिर दर्द के इलाज के लिए आप सेब के सिरके और सेब दोनों का उपयोग कर सकते हैं। यदि आप पूरी रात पार्टी करते हैं और अगली सुबह भयानक सिरदर्द होता है, तो एक गिलास एप्पल साइडर विनेगर का काढ़ा पिएं। इस ड्रिंक को बनाने के लिए एक गिलास पानी में 2 चम्मच एप्पल साइडर विनेगर, कुछ शहद और नींबू के रस की कुछ बूंदें मिलाएं।

लौंग का तेलः सिरदर्द से राहत पाने के लिए आप लौंग के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये सिर के दर्द को दूर करने में मदद करता है। इसके लिए आप लौंग के तेल से कुछ देर के लिए सिर की मसाज कर सकते हैं। इसमें सिर दर्द को दूर करने वाले गुण होते हैं। ये सिरदर्द से राहत दिलाने का काम करता है। अदरक का सेवनः अदरक में कई प्रकार के स्वास्थ्य गुण पाएं जाते हैं। इसकी मदद से आप माइग्रेन के दर्द से राहत दिलाने में मददगार होता है। जब भी माइग्रेन की वजह से आपका सिरदर्द हो उस वक्त आप अदरक का एक छोटा सा टुकड़ा दांतों के बीच दबा लें और उसे चूसते रहें। क्योंकि एक शोध से पता चला है कि अदरक माइग्रेन के दर्द को कम करने में मदद करता है।

तुलसी की पत्तियांः तुलसी के पत्ते सिरदर्द के लिए एक प्राकृतिक उपचार है। मजबूत सुगंधित जड़ी बूटी तनावग्रस्त मांसपेशियों को शांत करने में मदद करती है जो सिरदर्द का कारण बनती हैं। एक कप पानी उबालें और उसमें तुलसी के कुछ पत्ते डालें, कुछ देर उबलने दें और इस चाय को धीरे–धीरे पिएं। इसे स्वादिष्ट बनाने के लिए आप इसमें शहद भी मिला सकते हैं।

# निक्की तंबोली ने फ्रंट कट गाउन में दिखाया अपना बोल्ड अवतार

बिग बॉस फेम एक्ट्रेस निक्की तंबोली इन दिनों सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं. एक्ट्रेस अपने हुस्न के जलवे बिखेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें



एक्ट्रेस बेहद ही बोल्ड नजर आ रही हैं। बिग बॉस में धमाल मचा चुकीं एक्ट्रेस मॉडल निक्की तंबोली अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने फोटो और फैशन सेंस की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। निक्की अपनी तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं। हाल ही में निक्की तंबोली ने फ्रंट कट गाउन में अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनमें एक्ट्रेस काफी बोल्ड पोज देती नजर आ रही हैं। निक्की की इस ड्रेस में लोगों का ध्यान उनकी डीप नेक ड्रेस पर अटक गया। निक्की जिस तरह से पोज दे रही हैं, उसने इन तस्वीरों को और बोल्ड बना दिया है। जरूरत से ज्यादा डीप नेक और फ्रंट कट वाली इस ड्रेस में निक्की इठलाते हुए पोज दे रही हैं। निक्की तंबोली की इन तस्वीरों पर हमेशा की तरह ही फैंस खूब कमेंट कर रहे हैं। बता दें कि निक्की तंबोली मात्र 26 साल की हैं और उन्होंने इतनी कम उम्र में ही अपना नाम और शोहरत बना ली है। बिग बॉसय से मशहूर हुई निक्की कई म्यूजिक वीडियोज और टेलीविजन शोज में दिखाई दे चुकी हैं।

# टीवीएफ की स्पोर्ट्स ड्रामा सीरीज सिक्सर का ट्रेलर जारी, अमेजन मिनी टीवी पर होगी रिलीज




देश की चर्चित प्रोडक्शन कंपनी द वायरल फीवर (टीवीएफ) ने कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स बनाए हैं। अब इसके बैनर तले बनने वाली वेब सीरीज सिक्सर का ऐलान हो चुका है। यह सीरीज 11 नवंबर को अमेजन मिनी टीवी पर मुफ्त में प्रसारित होगी। मेकर्स ने इसका ट्रेलर भी शेयर कर दिया है। ट्रेलर की शुरुआत में पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह इस प्रोजेक्ट के बारे में बताचीत करते हुए दिखे हैं।

अमेजन मिनी टीवी ने अपनी स्पोर्ट्स ड्रामा सीरीज सिक्सर की घोषणा की है। चौतन्य कुंभकोणम इस सीरीज का निर्देशन करेंगे। यह सीरीज हिंदी में दर्शकों के बीच आएगी और इसमें कुल छह एपिसोड होंगे। इसकी कहानी क्रिकेट के इर्द–गिर्द बुनी गई है। अभिनेता शिवांकित सिंह परिहार इस सीरीज में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। वह टीवीएफ के अन्य प्रोजेक्ट्स बैचलर्स और एस्पिरेंट्स में अपना जलवा दिखा चुके हैं।

सीरीज में इंदौर के विजय नगर के एक युवा क्रिकेटर निकुंज शुक्ला उर्फ निक्कू के जीवन की झलक दिखाई गई है। शिवांकित ने यह किरदार निभाया है। इसमें भस्मासुर का उदाहरण देते हुए मजेदार अंदाज में कहानी दिखाई गई है। इसकी कहानी देश के छोटे शहरों में रहने वाले क्रिकेट खिलाडियों और उनकी रोजमर्रा की जिंदगी को सामने लाती है। इसमें खेल भावना, लालच, भटकाव और सट्टेबाजी को भी दिखाने की कोशिश की गई है।

ट्रेलर में अभिनेता बद्री चव्हाण और अभिनेत्री करिश्मा सिंह की झलक भी दिखी हैं। खासतौर पर शिवांकित का अंदाज पसंद आया और एक उत्साही क्रिकेटर के किरदार में वह खूब जमे हैं। इसकी कहानी में कई ट्विस्ट देखने को मिल सकते हैं।

अमेजन एडवरटाइजिंग के प्रमुख गिरीश प्रभु ने इस प्रोजेक्ट को लेकर अपना अनुभव साझा किया है। उन्होंने कहा, क्रिकेट एक ऐसा खेल है, जो हर भारतीय को मंत्रमुग्ध कर देता है। हम अमेजन मिनी टीवी पर अपनी आगामी वेब सीरीज सिक्सर के साथ इस खेल के प्रति अटूट उत्साह और जुनून को जोडने के लिए बेहद उत्साहित हैं। हमें यकीन है कि यह सीरीज दर्शकों के बीच भी छक्का लगाएगी।

ओटीटी पर इन दिनों साफ–सुथरी सामग्री बनाने का काम अगर कोई कर रहा है, तो उसमें टीवीएफ का नाम सबसे आगे गिना जा सकता है। टीवीएफ की सीरीज एस्पिरेंट्स को अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। 2019 में रिलीज हुई कोटा फैक्ट्री एक मनोरंजक वेब सीरीज है। टीवीएफ ने गुल्लक जैसी सीरीज बनाकर दर्शकों के बीच अपनी पैठ मजबूत बनाई। इसके बैनर तले बनी सीरीज पंचायत को भी शानदार प्रतिक्रिया मिली। अब तक इस सीरीज के दो सीजन आ चुके हैं।

# भेडिया यूनिट ने तमिल गीत एननाकाई पिराथवले नीया का ऑडियो किया लॉन्च

एक रोमांचक टीजर के बाद, जिसने सभी को अपनी ओर आकर्षित कर लिया, भेडिया के निर्माताओं ने अब तमिल गीत एननाकाई पिराथवले नीया का ऑडियो लॉन्च कर दिया है।



निर्देशक अमर कौशिक की भेडिया, जिसमें वरुण धवन और कृति सेनन मुख्य भूमिका में हैं, हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होने वाली है। कार्तिक इस ऑडियो में कोई रोमांटिक गाना गा रहे हैं। ट्रैक के बोल श्रोता को प्रसन्न करते हैं, और इसका भावपूर्ण संगीत कानों को भी भाता है! एनाकाई पिराथवले नीया को सचिन–जिगर ने कंपोज किया है, जिसमें कार्तिक के स्वर हैं, और गीत एस सुनंदन और अमिताभ भट्टाचार्य ने दिए हैं। ऑडियो अभी आउट हो गया है और गाना सोमवार को रिलीज होगा। जियो स्टूडियोज और दिनेश विजन द्वारा प्रस्तुत भेडिया में वरुण धवन और कृति सैनन के अलावा दीपक डोबरियाल और अभिषेक बनर्जी भी हैं। यह फिल्म पूरे देश में हिंदी, तेलुगु और तमिल में 2डी और 3डी में इस साल 25 नवंबर को रिलीज होनी है। फिल्म को लोकप्रिय प्रोडक्शन हाउस, स्टूडियो ग्रीन द्वारा पूरे तमिलनाडु में रिलीज किया जाना है।

# सर्दी में बंद हो गई है नाक तो आपके काम आएँगे ये घरेलू नुस्खे



सर्दी का मौसम आ गया है और इस मौसम में नाक बंद होने की समस्या सामान्य है। जी हाँ, और सबसे अधिक वह लोग परेशान होते हैं जिन लोगों को एलर्जी की समस्या है या जिन लोगों की इम्यूनिटी कमजोर रहती है। बदलते मौसम में नाक बंद होने की समस्या ऐसे लोगों को काफी परेशान करती है।

इस अवस्था में अक्सर लोग नोजल ड्रॉप का इस्तेमाल करते हैं या दवाओं का सहारा लेते हैं। हालाँकि स्टाइलक्रेज के मुताबिक, इन दवाओं का अधिक इस्तेमाल सेहत के लिए और भी नुकसानदायक हो सकता है। ऐसे में आप कुछ घरेलू नुस्खों की मदद से इनको ठीक कर सकते हैं। आइए बताते हैं आपको इनके बारे में।

बंद नाक को खोलने के घरेलू उपाय–

गर्म पानी से लें सेक– एक कटोरी में गर्म पानी लें और इसमें माइक्रो फाइबर टॉवल या रुमाल डालकर निचोड़ लें। उसके बाद इस रुमाल को नाक और चेहरे पर रखें। ऐसा 3 से 4 बार करें।

एप्पल साइडर विनेगर का इस्तेमाल– पानी गर्म करें और इसमें एक चम्मच एप्पल साइडर विनेगर डालें। उसके बाद इसे मिलाकर पी लें। ऐसा दिन में दो बार करें। इस विनेगर में एसेटिक एसिड और पोटैशियम होता है जो बंद नाक को खोलने, म्यूकस को निकालने और इंफेक्शन को दूर करने में मदद करता है।

पिपरमिंट टी पिएं– एक कप में गर्म पानी में पिपरमिंट यानी पुदीना के कुछ पत्ते डालें। उसके बाद इसको ढककर 5 से 10 मिनट तक कम आंच पर उबाल लें। इसे दिन में दो बार पियें।

यूकेलिप्टस ऑयलसे लें स्टीम– एक लीटर पानी को उबालें और इसमें यूकेलिप्टस ऑयल की कुछ बूंद डाल लें। उसके बाद इससे चेहरे को तौलिये से ढंक कर स्टीम लें और गहरी सांस लें। 2 से 3 मिनट में आप आराम महसूस करेंगे। नमक वाले पानी का इस्तेमाल– एक गलास डिस्टिल्ड वॉटर लें और इसमें आधा चम्मच नमक डाल लें। उसके बाद बेसिन के सामने झुकें और इस पानी को एक नाक से अंदर की तरफ खींचें। आप ऐसा दिन में 2 से 3 बार कर सकते हैं। उसके बाद इसे नाक में ड्रॉप की मदद से भी डाल सकते हैं।